DILCHASPI

-: सुविचार:-
अपने दुष्प्रभावों से जो व्यक्ति लड़ जाता है उसे फिर कोई नहीं हरा सकता है।

निर्भीक-निष्पक्ष एवं निरंतर


# दिलचस्पी

ग्रामीण अंचल का प्रथम बहुरंगी हिन्दी साप्ताहिक अखबार

Website- www.dilchaspinews.com
E-mail:- dilchaspi2009@gmail.com

आरएनआई रजि. क्र.- CHHHIN/2009/28134 डाक पंजीयन- जी 2-112/सी.जी./बी.एल.पी./60/2009-11

वर्ष 16 | अंक 39 | कोरबा, गुरुवार 09 से 15 जनवरी 2025 | पृष्ठ- 8 | मूल्य 4.00 रूपये


राहुल गांधी तय करेंगे...

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र के एक और फैसले का सीएम स्टालिन ने किया विरोध



**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर केंद्र के फैसले को विरोध किया है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा विनियम 2025, राज्यपालों को कुलपति की नियुक्तियों के सिलसिले में व्यापक शक्तियां प्रदान करते हैं और गैर-शिक्षाविदों को इन पदों पर नियुक्त करने की अनुमति देते हैं, जो संघवाद और राज्य के अधिकारों पर सीधा हमला है।

उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 6 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में जारी किए गए यूजीसी विनियम, 2025 के मसौदे पर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का यह अधिनायकवादी कदम सत्ता को केंद्रीकृत करने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई राज्य सरकारों को कमजोर करने की कोशिश है। बता दें कि ये विनियम विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मियों की नियुक्ति व पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं निर्धारित करते हैं तथा उच्च शिक्षा में मानकों को बनाए रखने के उपाय करते हैं।

### दिल्ली के किसानों से मिले कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनावों के चलते राजधानी की राजनीति में लगातार उठापटक जारी है। आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के किसानों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली सरकार पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि कृषि से जुड़ी योजनाओं और राजधानी की हालत के चलते उन्होंने सीएम आतिशी को चिट्ठी भी लिखी है। जानिए क्या है पूरा मामला और उन्होंने क्या आरोप लगाए है।

केंद्रीय कृषि मंत्री और बीजेपी नेता शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मैंने आज कृषि मंत्रियों की बैठक बुलाई लेकिन दिल्ली में कृषि मंत्री ही नहीं है। किसानों की फसल खराब हो जाती है, लेकिन यहां फसल बीमा योजना ही लागू नहीं है। देश के अधिकांश राज्यों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू है और आठ करोड़ से ज्यादा आवेदन का बीमा है, लेकिन यहां दिल्ली में फसल बीमा योजना लागू नहीं है। आज किसान भाइयों ने मुझे बताया कि दिल्ली किसानों के कल्याण से जुड़ी सारी योजनाओं से वंचित है।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के लिए लंदन रवाना



**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया देर रात एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए लंदन रवाना हुई। उनके सलाहकार जहीरुद्दीन स्वपन ने बताया कि जिया बीती देर रात हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एयर एंबुलेंस से लंदन के लिए रवाना हुई हैं। पूर्व पीएम के सलाहकार ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद बिन खलीफा अल थानी ने उनके लिए विशेष एयर एंबुलेंस भेजी थी। खालिदा जिया के डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें लीवर सिरोसिस, दिल की बीमारी और किडनी से संबंधित समस्या है। वह बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।

### 24 अकबर रोड नहीं, अब इंदिरा भवन होगा कांग्रेस का नया मुख्यालय

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी आगामी 15 जनवरी को पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन करेंगी। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय 24अकबर रोड था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, 15 जनवरी, 2025 को सुबह 10 बजे, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी जी नए एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन का उद्घाटन करेंगी। इसका निर्माण कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, एआईसीसी पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, सीएलपी नेता, सांसद, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

# लोगों को मुफ्त देने के लिए पैसे हैं, जजों को सैलरी देने के लिए नहीं; केंद्र पर क्यों भड़का सुप्रीम कोर्ट?

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली चुनावों से ऐन पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर गंभीर चिंता जताई है कि राज्यों के पास लोगों को मुफ्त सुविधाएं देने के लिए पर्याप्त पैसे हैं लेकिन जब जजों को सैलरी और पेंशन देने की बात आती है तो सरकारें यह कहती हैं कि वित्तीय संकट है। मंगलवार को जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ए जी मसीह की खंडपीठ ने ये टिप्पणी तब की, जब देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने कहा कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा।

ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम भारत संघ एवं अन्य से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने विशेष रूप से महाराष्ट्र सरकार की लाडली-बहना योजना और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे चुनावी वादों का हवाला देते हुए ऐसा कहा। बेंच ने कहा



कि कोई 2100 रुपये तो कोई 2500 रुपये देने का वादा कर रहा है लेकिन जजों को वेतन और पेंशन देने के लिए पैसे नहीं हैं।

जस्टिस संजीव खन्ना के बाद इसी साल CJI बनने जा रहे जस्टिस गवई ने मौखिक रूप से टिप्पणी की, राज्य के पास उन लोगों के लिए खूब पैसा है, जो कोई काम नहीं करते हैं। जब हम वित्तीय बाधाओं की बात करते हैं तो हमें इस पर भी गौर करना चाहिए। चुनाव आते ही आप लाडली बहना और

### याचिका पर हुई सुनवाई

खंडपीठ ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन की 2015 की उस अर्जी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि जजों को वेतन और सेवानिति लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। याचिका में कहा गया है कि कई जजों को समय पर वेतन भुगतान से भी वंचित होना पड़ रहा है।

अन्य नई योजनाओं की घोषणा करते हैं, जिसमें आपको निश्चित राशि का भुगतान करना होता है। दिल्ली में अब किसी न किसी पार्टी ने घोषणा की है कि अगर वे सत्ता में आए तो 2500 रुपये का भुगतान करेंगे। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ की टिप्पणी पर अटॉर्नी जनरल ने जवाब दिया कि मुफ्तखोरी की संस्कृति को एक विचलन माना जा सकता है लेकिन वित्तीय बोझ की व्यावहारिक चिंताओं को ध्यान में रखा ही जाना चाहिए।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# राजघाट परिसर में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्मृति परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने की मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल



से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं।

शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है।

मक्का पर बरपा कुदरत का कहर

# भारी बारिश बन गई आफत; मदीना में भी जिंदगियां बेहाल

**मक्का ( एजेंसी )।** इस्लाम का सबसे पवित्र शहर माना जाने वाला शहर मक्का आज बाढ़ के कहर से बेहाल है। तेज बारिश ने न सिर्फ मक्का बल्कि मदीना और जेद्दा जैसे इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। सड़कों पर पानी इस कदर भर चुका है कि कारें बह रही हैं, बसें फंसी हुई हैं और लोग मदद के लिए चीख-पुकार कर रहे हैं। कई जगहों पर मानव चेन बनाकर बच्चों और बुजुर्गों को बचाने के दृश्य सामने आए हैं।

मक्का के अल-अवाली इलाके में मानव चेन बनाकर बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। एक वीडियो में देखा गया कि कैसे एक व्यक्ति ने बाढ़ में गिर चुके एक डिलीवरी बॉय को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जहां लोग इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे हैं।

सऊदी अरब के राष्ट्रीय मौसम विभाग (एनएमसी) ने मक्का, मदीना और जेद्दा में रेड अलर्ट जारी किया है। बारिश के इस तांडव के चलते जेद्दा का किंग अब्दुलअजीज इंटरनेशनल एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है और यात्रियों को अपनी एयरलाइंस से संपर्क करने के लिए कहा गया है। स्कूलों को ऑनलाइन क्लासेज में बदल दिया गया है, और सार्वजनिक स्थान पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। जेद्दा पहले भी बाढ़ का सामना कर चुका है। इस शहर ने 2009 में 100 से अधिक मौतें देखी थीं। इस बार भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। जेद्दा नगर निगम ने 11 नगर पालिकाओं और 15 सहायता केंद्रों को सक्रिय किया है ताकि जलभराव को नियंत्रित किया जा सके।

# कुछ ही घंटों में 150 बार क्यों कांपी धरती?

तिब्बत में कैसे बढ़ता चला गया मौत का आंकड़ा, 1000 से अधिक घर हो गए जमींदोज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट मंगलवार को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इस हृदय विदारक घटना में 126 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 130 से अधिक घायल हैं। मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। राहत-बचाव कार्य जारी है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, भूकंप के बाद Aftershocks आए। कुछ ही घंटों में 4.4 तीव्रता के साथ 150 बार धरती कांपी। भूकंप और फिर Aftershocks जिस इलाकों में आए, वहां की आबादी 6900 है। यहां 1000 से अधिक घर जमींदोज हो गए। दूर-दूर तक हर ओर तबाही देखी जा सकती थी।

भूकंप आज सुबह 9:05 बजे (चीन के समयानुसार) आया। इसका केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो टाउनशिप में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में 27 गांव हैं और लगभग 6900 लोग रहते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, डिंगरी काउंटी की आबादी 61000 से ज्यादा है। भूकंप के बाद राहत-बचाव कार्य के लिए 3400 से अधिक बचावकर्मियों और 340 से अधिक चिकित्सा कर्मचारियों को भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है।



टिंगरी और उसके आस-पास के इलाकों की औसत ऊंचाई लगभग 4000-5,000 मीटर (13,000-16,000 फीट) है। यहां भूकंप के दौरान मजबूत झटके महसूस किए गए। इसके बाद 4.4 तक की तीव्रता के साथ 150 से अधिक Aftershocks आए, जिसने सैकड़ों की जान ले ली। मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। यहां 6900 की आबादी वाले इलाकों में 1000 से अधिक घर जमींदोज हो गए। बचावकर्मी मलबे से जिंदा लोगों की तलाश कर रहे हैं।

**सामने आ रहे तबाही के मंजर :** सोशल मीडिया पर घटना के बाद इलाकों में हुई तबाही के मंजर सामने आ रहे हैं। दुकानों के टूटे हुए हिस्से को देखा जा सकता है। ल्हात्से शहर में आई इस प्राकृतिक आपदा के बाद सड़क पर मलबा फैल गया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चीन, नेपाल और उत्तरी भारत के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस हुए।

### चीन की सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में भेजी राहत सामग्री

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के लिए हर संभव प्रयास करने के आदेश दिए। शी ने घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया तथा द्वितीयक आपदाओं (भूकंप के बाद संभावित आपदाओं) को रोकने, प्रभावित निवासियों के समुचित पुनर्वास तथा इसके बाद के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। भूकंप के बाद, 'चीन भूकंप प्रशासन' ने स्तर-दो की आपात सेवा प्रतिक्रिया शुरू की तथा आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक दल को घटनास्थल पर भेजा। केंद्रीय प्राधिकारियों ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में करीब 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी है, जिनमें तंबू, कोट, रजाई और फोल्डिंग बिस्तर के साथ-साथ ऊंचाई वाले और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री भी शामिल है।



# बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम में बाटे गये जॉनसन बेबी कीट

**बक्सर ( एजेंसी )।** मंगलवार को सदर अस्पताल, बक्सर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आशय की जानकारी जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी सौरव आलोक ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जिलांतर्गत लिंगानुपात बढ़ाने के प्रयासो पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर कन्या शिशुओं के लिए जॉनसन बेबी कीट और उनकी माताओ के बेहतर स्वास्थ्य के लिए फल की टोकरी देकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें लैंगिक भेदभाव, लिंग आधारित हिंसा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया।



# एंबुलेंस से भिड़ंत में जिंदा जला बुलेट सवार; सड़क पर मच गया हड़कंप

**गया ( एजेंसी )।** जिले में हुए सड़क हादसा में बुलेट सवार जिंदा जल गया। गया-डोभी रोड पर एंबुलेंस और बुलेट की टक्कर से भीषण आग लग गई। जिसमें बाइक सवार जिंदा जल गया। वहीं इस घटना में बुलेट और एंबुलेंस भी जलकर राख हो गई है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े, आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन विकराल आग में दोनों गाड़ियां जलकर स्वाहा हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। जब एंबुलेंस और बुलेट की टक्कर हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आतिशी ने बंगले से निकाले जाने का किया दावा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बड़ा दावा कर दिया है। आतिशी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी की केंद्र सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा तीन महीने में दूसरी बार हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने पत्र भेजकर उनका अलॉटमेंट कैंसिल कर दिया है और चुनी हुई सरकार की मुख्यमंत्री से सीएम आवास ही छीन लिया है। हालांकि सूत्रों की मानें तो पीडब्ल्यूडी ने आतिशी के इस दावे को खारिज कर दिया है। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि आतिशी कभी सीएम आवास में शिफ्ट हीं नहीं हुईं। दरअसल आतिशी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि दिल्ली की जनता के काम रोकने के लिए बीजेपी की केंद्र सरकार ने उनसे सीएम आवास छीन लिया। आतिशी ने कहा, तीन महीने पहले भी इन्होंने यही किया था।

पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी

# पाकिस्तानी ड्रोन से ड्रग्स रिसीव करने वाले 4 गिरफ्तार

**फजिल्का ( एजेंसी )।** पंजाब पुलिस ने नकली दवाओं का काला कारोबार करने वाले कम से कम चार लोगों को फजिल्का से गिरफ्तार किया है। उनके पास प्रतिबंधित दवाओं की 2.10 लाख टेबलेट पाई गई हैं। पुलिस ने तीन वाहनों से 1.70 लाख की प्रतिबंधित दवाएं जब्त कीं। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि यह नकली दवाओं के कारोबारियों के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस नकली दवाओं का कारोबार करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस इसी तरह इस काले कारोबार के खिलाफ काम करती रहेगी। बता दें कि पाकिस्तान से ड्रोन के सहारे भी नकली दवाइयां और नशीली दवाओं की तस्करी की जाती है। पंजाब पुलिस ने मंगलवार को ऐसे ही एक ड्रोन को भी नष्ट किया है। डीजीपी यादव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग पाकिस्तान के तस्करों के साथ संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए नशीली और नकली दवाइयां भेजी जाती थीं और ये रिसीव करके सप्लाई का काम करते थे। पुलिस मामले की विस्तार से जांच कर रही है।



डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (19) और बलजीत कौर (32) के रूप में हुई है, जो तरनतारन के मुठियावल गांव के निवासी हैं; मनिंदर सिंह (34), जो तरनतारन के भिखीविंड के निवासी हैं और हरप्रीत सिंह (26), जो अमृतसर के लोधी गुजर गांव के निवासी हैं। हेरोइन बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। डीजीपी ने बताया कि सभी आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे और सीमा पार से ड्रग्स की खेप प्राप्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि ड्रोन की मदद से खेप गिराई जा रही थी। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है ताकि आगे की कड़ी स्थापित की जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी की संभावना है। ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए, पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डीसीपी हरप्रीत सिंह मंडेर, एडीसीपी जांच नवजोत सिंह और एसीपी डिटेक्टिव कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने सीआईए स्टाफ-1 प्रभारी इंस्पेक्टर अमोलकदीप सिंह की देखरेख में एक लक्षित अभियान चलाया और इस साल एक जनवरी को गुरु की वडाली के इलाके में गुरप्रीत सिंह और बलजीत कौर को तीन किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पता चला कि गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी और बलजीत कौर रिश्ते में भतीजे और चाची हैं।

# ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता से कर रही कार्य : वित्त मंत्री चौधरी

## वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण





**रायपुर।**

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत बाघाडोला, नवापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ाएं जा रहे है।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि सरकार गठन के उपरांत 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई। इन आवासों का निर्माण पूरी तेजी से करवाया जा रहा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्हें प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर-परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गो को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए जाए। इसमें समय-सीमा का भी विशेष ध्यान रखें। हमारा उद्देश्य लोगों को जनोपयोगी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड के बाघाडोला, नावापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें बाघाडोला में 25 लाख 40 हजार रुपये की लागत से 3 सीसी रोड निर्माण, 1 लाख 50 हजार रुपये की लागत से दर्री तालाब में पचरी निर्माण, 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण शामिल है। इसी तरह नावापारा-अ में 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा छपोरा में 12 लाख 90 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा 10 लाख 35 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण शामिल है।

# धान खरीदी केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को राहत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केंद्रों को आधुनिक और सुलभ बनाया जा रहा है। इन केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की सुविधा ने किसानों को बड़ी राहत दी है। सेंदरी सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र पर पहुंचे किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।


सेंदरी गांव के किसान परसराम केवट ने खुशी जाहिर करते हुए बताया, धान बेचने के बाद खरीदी केंद्र पर ही माइक्रो एटीएम से भुगतान मिल जाना हमारे लिए बहुत बड़ा बदलाव है। अब बैंक की लंबी कतारों में घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता। समय पर पैसे मिलने से ट्रांसपोर्ट और अन्य जरूरतों को पूरा करना आसान हो गया है। ग्राम गतौरी के किसान तेजस्वी सिंह ठाकुर ने भी इस सुविधा की तारीफ करते हुए कहा कि माइक्रो एटीएम से तुरंत भुगतान होने से किसानों को काफी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अब धान बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती और बैंक जाने की आवश्यकता भी कम हो गई है। बिल्हा ब्लॉक के सेंदरी धान खरीदी केंद्र पर किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। केंद्र पर शीघ्र टोकन कटने की प्रक्रिया, साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों का सहयोगात्मक रवैया किसानों के लिए खरीद प्रक्रिया को आसान बना रहा है। धान खरीदी केंद्र पर किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने समय पर भुगतान और माइक्रो एटीएम जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करके उनकी समस्याओं को हल कर दिया है। किसानों ने कहा कि ये पहल न केवल समय की बचत कर रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बना रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और अवैध धान संग्रहण पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता से जिले में धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। धान खरीदी केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की सुविधा ने किसानों की दिनचर्या को सरल बना दिया है। यह कदम किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है और राज्य सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और आर्थिक क्रांति की ओर एक बड़ा कदम है।



## राज्यपाल से खेल मंत्री वर्मा ने सौजन्य भेंट की

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को भगवान श्री राम की प्रतिमा स्मृति स्वरूप भेंट की।

# पुरातात्विक शैलचित्रों के लिए प्रसिद्ध चितवाडोंगरी बन रहा है प्रमुख पर्यटन केंद्र





**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले का चितवाडोंगरी अपनी पुरातात्विक शैलचित्रों और प्राकृतिक गुफाओं के लिए जाना जाता है। डौंडी लोहरा विकासखंड के ग्राम सहगांव के पास स्थित यह क्षेत्र न केवल ऐतिहासिक महत्व का है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है। चितवाडोंगरी के ऊंचे भाग से गोंदली जलाशय और आसपास के वनांचल का अद्भुत दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

चितवाडोंगरी में बड़ी चट्टानों के बीच स्थित छोटी-छोटी गुफाएं और इन पर उकेरे गए प्राचीन शैलचित्र इसकी ऐतिहासिकता को उजागर करते हैं। इन शैलचित्रों को संरक्षित करने के लिए वन विभाग ने इसे तारों से घेर दिया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने चितवाडोंगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के कई प्रयास किए हैं। यहां बैठक व्यवस्था, सोलर लाइट, शुद्ध पेयजल, शौचालय और पर्यावरण के अनुकूल रास्ते बनाए गए हैं। साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया है, जिससे यह स्थान और अधिक आकर्षक बन गया है। इस क्षेत्र की खूबसूरती और ऐतिहासिक महत्व को देखने देशभर से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। चितवाडोंगरी अब बालोद जिले के प्रमुख पुरातात्विक पर्यटन स्थलों में से एक बन चुका है, जहां आगंतुकों को इतिहास और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

# स्वास्थ्य विभाग किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

## एचएमपीवी वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं, लक्षणों एवं प्रभावों के बारे में किया जा रहा है अध्ययन



**रायपुर।**

ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस जिसे एचएमपीवी वायरस कहा जा रहा है, इससे निपटने के लिए छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह से तैयार है। वायरस को लेकर सतर्कता बरतने और तैयारियों के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय नवा रायपुर में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

देश के कुछ हिस्सों में इस वायरस के मरीज मिलने के बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों की टीम सतत रूप से इस वायरस के बारे में निगरानी रख रही है और इसके लक्षणों एवं प्रभाव के बारे में भी अध्ययन कर रही है। श्री जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना महामारी के बाद से ही किसी भी प्रकार के आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि इस वायरस को रोकें और साथ ही इससे लड़ने के लिए आम जनता को भी जागरूक करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वायरस पहले भी रिपोर्ट किया जा चुका है और इससे घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन सावधानी बरतनी जरूरी है । उन्होंने आम जनता से स्वच्छता पर जोर देने की बात कही है। विशेषज्ञों के अनुसार एचएमपीवी वायरस से बचने के लिए भीड़ वाली जगह से दूरी बना कर रखें, सर्दी खांसी बुखार वाले मरीजों के के संपर्क में नहीं आएं, सर्दी खांसी बुखार के लक्षण पर तत्काल स्थानीय अस्पताल में जांच कराएं। ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। खांसते व छींकते समय मुंह व नाक को रूमाल से ढंके, अपने हाथों को साबुन एवं सेनेटाइजर से साफ करते रहें, यदि बीमार हैं तो घर पर रहें, ज्यादा पानी पीएं एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करें। सर्दी, खांसी व बुखार होने पर अथवा सामान्य स्थिति में भी टिशू पेपर का दोबारा इस्तेमाल न करें। बार-बार आंख नाक व मुंह को न छूएं । सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें तथा डाक्टर से सलाह लिए बिना किसी भी दवा का इस्तेमाल न करें। गौरतलब है कि एचएमपी वायरस खांसने, छींकने से निकलने वाले ड्रापलेट्स, संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने अथवा नजदीकी संपर्क में आने , दूषित सतह पर हाथ लगाने के बाद मुंह, नाक या आंखों को छूने से फैलता है। सर्दी, खांसी, बुखार तथा सर्दियों में सांस लेने में परेशानी इसके सामान्य लक्षण हैं। कुछ गंभीर केसेस में निमोनिया और ब्रोंकाइटिस भी इस बीमारी के लक्षण हैं। देश के कुछ राज्यों में इसके मरीज मिलने की सूचना मिलते ही राज्य के स्वास्थ्य विभाग का अमला अपनी तैयारी में जुट गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह एक सामान्य रेस्पिरेटरी वायरस है जो आम तौर पर सर्दी के दिनों में दिखाई पड़ता है।

# तीन पहाड़ियों के बीच स्थित खुड़िया जलाशय प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन का अद्भुत केंद्र

**रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले का राजीव गांधी जलाशय, जिसे खुड़िया जलाशय भी कहा जाता है, पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। तीन प्राकृतिक पहाड़ियों के मध्य मनियारी नदी पर निर्मित यह जलाशय अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मनोरम दृश्यों के लिए जाना जाता है। नववर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानियों ने यहां पहुंचकर इसकी प्राकृतिक छटा का आनंद लिया।

राजीव गांधी जलाशय की विशेषता इसकी विशालता और चारों ओर फैली हरियाली है। पहाड़ियों से घिरा यह स्थल दूर से किसी समुद्र का आभास कराता है। सैलानियों के लिए नाव की सवारी यहां का मुख्य आकर्षण है, जहां वे पानी के बीचों-बीच प्रकृति की गोद में समय बिता सकते हैं। वर्षा के मौसम में जलाशय और भी खूबसूरत हो जाता है, जब पहाड़ियों से गिरते जलप्रवाह और हरियाली का नजारा पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह जलाशय न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और कृषि महत्व भी है। इसका निर्माण अंग्रेजी शासनकाल में 1927 में कृषि के उद्देश्य से शुरू हुआ था और 1930 में इसे पूरा किया गया। इसका नाम बाद में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम पर रखा गया। यह जलाशय आज भी स्थानीय किसानों के लिए एक मुख्य जल स्रोत है, जिससे वे अपनी कृषि भूमि की सिंचाई करते हैं। राजीव गांधी जलाशय के आसपास कई और पर्यटन स्थल हैं जो सैलानियों के अनुभव को और खास बना देते हैं। इनमें डोंगरीदेवी मंदिर प्रमुख है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, पहाड़ियों और हरियाली से घिरा वातावरण ट्रेकिंग और पिकनिक के लिए भी आदर्श है। इस वर्ष नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक राजीव गांधी जलाशय पहुंचे। जलाशय के साफ और शांत वातावरण, नाव की सवारी, और प्राकृतिक दृश्यों ने सभी को मोहित किया। पर्यटकों ने इस क्षेत्र की स्वच्छता और व्यवस्था की प्रशंसा की। मुंगेली जिला अब पर्यटकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। राजीव गांधी जलाशय जैसे स्थानों की बढ़ती लोकप्रियता स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी इस क्षेत्र को और अधिक विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। राजीव गांधी जलाशय न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थल है, बल्कि इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को भी समेटे हुए है। यह स्थल छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाओं का प्रतीक है।



### मुख्यमंत्री ने की भक्तिन माता राजिम की भव्य कांस्य प्रतिमा के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा

# भक्तिन माता राजिम के आदर्श सभी समाजों के लिए अनुकरणीय : मुख्यमंत्री



**रायपुर।**

राजिम शैव और वैष्णव परंपरा का संगम स्थल है। राजिम के इस पवित्र स्थल में ही भगवान श्रीराम ने कुलेश्वर महादेव की स्थापना कर उनकी पूजा-अर्चना की थी। सोन्ढूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के कारण यह क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। राजिम नगरी छत्तीसगढ़ का प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध है। यहां से प्रवाहित होने वाली महानदी पापमोचिनी गंगा कहलाती है। राजिम भक्तिन माता के नाम पर ही राजिम का नाम हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हम आज उस भूमि में एकत्रित हुए हैं जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ अपने चरण रखे। माता सीता ने यहां महादेव की पूजा अर्चना की और रेत से ही कुलेश्वर महादेव को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राजिम भक्तिन माता ने जिस त्याग और तपस्या का उदाहरण प्रस्तुत किया, उसकी स्मृति साहू समाज संजोये हुए है। राजिम भक्तिन माता की जयंती से सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समाज के एकजुट होने से प्रदेश और देश को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने इस अवसर पर राजिम में भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा की स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है। यह समाज खेती किसानी के साथ-साथ व्यापार, उद्योग जगत में आगे बढ़ रहा है। साहू समाज अपनी विरासत को भी संजोये हुए हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति लेकर 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानकर उनके हित में 18-18 घंटे काम करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपके समाज का गौरव हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय राजिम में भव्य कुंभ कल्प की शुरूआत हुई थी। पूर्ववर्ती सरकार ने इसकी गरिमा कम कर दी थी। हमारी सरकार ने राजिम कुंभ कल्प की गरिमा को पुनर्स्थापित किया है। पिछले साल राजिम कुंभ में देश भर से संत समागम हुआ। हम इस साल भी हम भव्य राजिम कुंभ कल्प का आयोजन करने जा रहे है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं और बहनों की उपस्थिति है। हमने महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया है। अभी हाल ही में इस योजना की ग्यारहवीं किश्त माता-बहनों के खाते में हस्तांतरित की गई है। पहली तारीख को माताओं-बहनों के मोबाइल में इस योजना की राशि जाती है और उनका चेहरा खिल जाता है। इससे उन्हें अपने बजट को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। जब भी मैं इस बारे में उनसे चर्चा करता हूँ वे बहुत खुश हो कर बताती हैं कि इस योजना से उनके जीवन में कितना बदलाव आया।

सही मायने में तब लगता है कि हम अटल जी के सुशासन का सपना छत्तीसगढ़ में साकार कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि उन्होंने अमेरिका प्रवास के दौरान देखा कि किस तरह विदेशों में भी साहू समाज के बच्चे छत्तीसगढ़ का परचम लहरा रहे हैं। अपनी कर्मठता और संकल्पशक्ति से साहू समाज के लोग देश-दुनिया में समाज का नाम उंचा कर रहे हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बताया कि भक्त माता करमा के नाम पर डाक टिकट जारी होना हम सब के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि करमा माता ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया, उनके विचारों और आदर्शो से समाज का विकास हो सके इसलिए जरुरी है कि हम सभी उन विचारों को आत्मसात करें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजिम पहुंचकर भगवान राजीव लोचन मंदिर में भक्तिन माता राजिम एवं भगवान राजीव लोचन की विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक सर्वश्री मोतीलाल साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, संदीप साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों को राजभवन में दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** बीजापुर जिले में नक्सली घटना में शहीद हुए जिला रिजर्व गार्ड के जवानों को राजभवन में श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के आरंभ होने के पूर्व राज्यपाल रमेन डेका एवं उपस्थित विभिन्न राज्यो के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियो, राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मुख्यमंत्री ने शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### बोले, नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर भी प्रहार

**रायपुर।**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में सोमवार को बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली में आईडी ब्लास्ट में शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कदम पर राज्य सरकार उनके साथ है।

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चौतराम अटामी, विधायक बीजापुर विक्रम मण्डावी, पूर्व सांसद दीपक बैज, पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा सहित डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, डीआईजी द्वय कमलोचन कश्यप एवं अमित काम्बले, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री श्री साय सहित उपमुख्यमंत्री एवं वन मंत्री ने शहीद जवान बामन सोढ़ी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया। साथ ही अन्य शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव को उनके गृह ग्राम रवाना किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर प्रहार है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार बस्तर संभाग में शांति स्थापित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और मार्च 2026 तक प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होकर ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से डीआरजी के 8 जवान सहित एक वाहन चालक शहीद हो गए।

## मुख्यमंत्री ने सरगुजा सांसद और सरगुजा संभाग के सभी विधायकों के साथ की बड़ी बैठक

### सरगुजा क्षेत्र में विकास को गति देने जनप्रतिनिधियों से लिए अहम सुझाव



**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सरगुजा संभाग के सभी विधायकों और सरगुजा सांसद के साथ बड़ी बैठक की। बैठक में उन्होंने सरगुजा अंचल के विकास को लेकर सभी के साथ मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में सांसद और विधायकों से क्षेत्र में विकास की सभी संभावनाओं को लेकर अहम चर्चा की और उनके सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि समूचे सरगुजा संभाग के विकास पर हमारी नजर है और सरगुजा को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने सभी संभावनाओं पर काम कर रहे है। हमारी सरकार एक बेहतर कार्य योजना इसके लिए तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने विकसित छत्तीसगढ़ का जो विजन तैयार किया है, उसमें समूचे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ हमारे दोनों आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा संभाग की अग्रणी भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने और इसका सतत मॉनिटरिंग करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने विजन के अनुरुप विकास के कामों को लगातार जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सरगुजा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को लेकर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। देश में पर्यटन के नक्शे पर सरगुजा को विशेष स्थान मिले, यह प्रयास हम कर रहे है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अंबिकापुर एयरपोर्ट से नियमित विमान सेवा की शुरुआत हुई है, जिससे नागरिक सुविधाओं के बढ़ने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने समूचे सरगुजा संभाग में परिवहन की बेहतर सुविधा के लिए काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यातायात को सुगम बनाने के लिए सरगुजा को अन्य इलाकों से बेहतर सड़कों के माध्यम से जोड़ा जाएगा। सड़कों के बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक भैयालाल राजवाड़े, विधायक राम कुमार टोप्पो, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक भूलन सिंह मरावी और अधिकारीगण मौजूद रहे।

## हर राज्य की अपनी एक विशिष्ट पहचान है : राज्यपाल

### राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस

**रायपुर।**

राजभवन में कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि भारत विभिन्न रंगों के अनेक पुष्पों की एक माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। इन राज्यों के लोग अपनी विशिष्ट पहचान के साथ छत्तीसगढ़ में निवास करते हुए व्यवसाय या नौकरी कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी।

कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार, विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, जो आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। इस परिप्रेक्ष्य में आज का कार्यक्रम एक गौरवपूर्ण क्षण है। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर राज्य का स्थापना दिवस, उस राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन होता है। राज्य की समृद्धि और विकास का गवाह यह दिन हमें अपने राज्य की स्थापना के मूल उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों का स्थापना दिवस, केवल उनके विकास की यात्रा का उत्सव नहीं है बल्कि भारत की विविधता और एकता का प्रतीक है। राज्यपाल श्री डेका ने विभिन्न राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया। माटी का स्वर्ग, कर्नाटक अपने अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति के साथ-साथ भाषा और साहित्य में समृद्ध है। यह राज्य कन्नड़ साहित्यकारों और कवियों का घर है, जिन्होंने भारतीय साहित्य को अद्वितीय ऊंचाईयां प्रदान की है। तमिलनाडु राज्य के संबंध में कहा कि यह भारत की द्रविड़ सभ्यता का केंद्र है जो अपनी कला, संस्कृति, भाषा, साहित्य, आध्यात्मिक धरोहर के लिए विख्यात है। इस राज्य ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दिल्ली के संबंध में कहा कि यह हमारी राजधानी ही नहीं बल्कि देश का दिल भी है। यह वह भूमि है जहां इतिहास ने करवट ली है। यह राज्य सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। झारखंड के बारे में कहा कि खनिज संपदा से भरपूर झारखंड अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां के आदिवासियों की अपनी अनूठी परंपराएं, रीति-रिवाज, लोकगीत, संगीत, नृत्य की कलाएं हैं।

राज्यपाल ने देवभूमि उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के बीच समानताओं का उल्लेख किया। दोनों राज्यों का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है और कृषि उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। सतत् विकास और पारिस्थितिक संतुलन के लिए दोनों राज्यों में समान चुनौतियां है। जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख राज्यों की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विविधताओं के साथ अन्य विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि हम सब को राष्ट्र की अखंडता, समृद्धि के लिए एकजुट होकर काम करना है। कार्यक्रम में उपस्थित इन राज्यों के बच्चों एवं युवाओं ने अपने राज्य की संस्कृति एवं लोक परंपरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। भरत नाट्यम, सरहुल, एवं अन्य लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। दिल्ली राज्य के प्रतिनिधि नवनीत अग्रवाल, उत्तराखंड के प्रतिनिधि ओमप्रकाश, झारखंड के प्रतिनिधि डॉ. चिरंजीवी जैन, कर्नाटक की प्रतिनिधि डॉ. शीला श्रीधर, तमिलनाडु के प्रतिनिधि एस.स्वामीनाथन ने राज्यपाल को अपने राज्य की ओर से सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा भी इनको राजकीय गमछा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती उषा बारले, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, इन सभी राज्यों के छत्तीसगढ़ में निवासरत, बच्चे, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### पानी की किल्लत

पचपन साल पहले केन-बेतवा परियोजना की परिकल्पना की गई थी। मगर आज भी बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेल रहे हैं। अभी कई और वर्ष उन्हें इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी किसी ऐसे देश में हो सकती है, जो विकसित हुआ हो?

केन-बेतवा परियोजना इसकी मिसाल है कि विकास के पैमानों पर भारत क्यों अपनी संभावनाओं को हासिल नहीं कर पाया। ध्यान दीजिए- परियोजना की परिकल्पना सबसे 1970 में की गई, जब मशहूर इंजीनियर एवं तत्कालीन सिंचाई मंत्री डॉ. केएल राव ने पानी की किल्लत वाले इलाकों में पानी पहुंचाने के मकसद से इन दोनों नदियों को जोडऩे का प्रस्ताव तैयार किया। सिंचाई मंत्रालय को इसकी योजना तैयार करने में दस साल लग गए। 1980 में तैयार योजना के प्रारूप पर संभाव्यता अध्ययन 1995 में शुरू हुआ।

1999 में संबंधित राज्यों उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच सहमति बनाने के लिए समिति बनी। 2008 में जाकर संबंधित योजना केंद्र ने बनाई। 2010 में परियोजना के प्रथम चरण की संभाव्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हुई। 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परियोजना को मंजूरी दी। 2021 में यूपी और मप्र ने केंद्र को अपनी सहमति दी। 2023 में इसे वन मंत्रालय की मंजूरी मिली। और 2024 के आखिर में जाकर इस पर अमल की शुरुआत की गई है। फिलहाल, बताया गया है कि इस पर 44,605 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम पूरा होते-होते ये खर्च काफी बढ़ चुका होगा। इस बीच बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेलते रहे हैं तथा अभी कई और वर्षों तक उन्हें इसके लाभ का इंतजार करना होगा।

क्या इतनी लेटलतीफी का कल्पना किसी ऐसे देश में की जा सकती है, जो विकसित हुआ हो या वास्तविक विकास की मार्ग पर आगे बढ़ रहा हो? आज फैशन भारत और चीन की विकास यात्राओं के बीच तुलना करने का है। ये अक्सर पूछा जाता है कि हम क्यों पीछे रह गए? इसका एक नायाब जवाब केन-बेतवा परियोजना है। बहरहाल, अब इस पर काम शुरू हुआ है, तो इसे फुर्ती से और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना चाहिए। बीच में पर्यावरण संबंधी कोई मुद्दा हो, जैसाकि कांग्रेस की तरफ उठाया गया है, तो उसे आधुनिक वैज्ञानिक विधियों से हल किया जाना चाहिए। लेकिन पर्यावरण की अभिजात्यवादी धारणों से बंध कर बुंदेलखंड के लोगों को प्यासा रखना एक किस्म का नैतिक अपराध होगा।

# राहुल गांधी तय करेंगे, कौन बनेगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री ?

चुनाव आयोग ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को बतौर सीईसी अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान करने के साथ ही अपने ऊपर लगाए जा रहे तमाम आरोपों का भी एक-एक करके जवाब देने की कोशिश की। दिल्ली में इस बार मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 है जिसमें से महिला मतदाताओं की संख्या 71 लाख 73 हजार 952 है। जाहिर तौर पर, देश के कई अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में भी महिला मतदाता, चुनावी जीत-हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं।



हालांकि इस बार दिल्ली की चुनावी लड़ाई बहुत ज्यादा दिलचस्प होने जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को होने जा रहे मतदान में मुख्य मुकाबला अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी के बीच में होने जा रहा है। अरविंद केजरीवाल के लिए इस बार का विधानसभा चुनाव, उनके अस्तित्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक चुनाव होने जा रहा है। दिल्ली के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़े और महत्वपूर्ण राज्य- पंजाब में सरकार होने के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली का केजरीवाल के लिए अपना महत्व है। अगर केजरीवाल दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव जीत नहीं पाते हैं तो आम आदमी पार्टी पर उनकी पकड़ कमजोर हो जाएगी और साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन में भी उनका दबदबा कमजोर होता चला जाएगा। घोटाले के आरोप में जेल तक की यात्रा करने वाले अरविंद केजरीवाल यह बखूबी जानते और समझते हैं कि दिल्ली की हार एक बार फिर से उन्हें राजनीतिक रूप से अछूत बना देगी। क्योंकि विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान भले ही मजबूरी में कई राज्यों में आप के साथ गठबंधन किया था लेकिन सच्चाई तो यही है कि सोनिया गांधी इस देश की राजनीति में नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल पर कतई भरोसा नहीं करती है।

इस बार के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और गांधी परिवार की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। वर्ष 2020 में, दिल्ली में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को सिर्फ 4.26 प्रतिशत मत मिला था और वह एक भी सीट नहीं जीत पाई थी लेकिन इस बार कांग्रेस ने पूरी ताकत के साथ दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। कांग्रेस आलाकमान ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतार कर अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में मजबूत हुई है और अब अगर कांग्रेस अपने उस छीने हुए वोट बैंक के छोटे से हिस्से को भी वापस लेने में कामयाब हो जाती है तो फिर केजरीवाल सहित आप के सभी उम्मीदवारों के लिए दिक्कतें खड़ी हो जाएगी। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में 53.57 प्रतिशत मत के साथ आप को 62 सीटें मिली थी जबकि 38.51 प्रतिशत मत पाने के बाद भी भाजपा के खाते में सिर्फ 8 सीटें ही आ पाई थी। आप और भाजपा के बीच 15.06 प्रतिशत का अंतर था। अगर कांग्रेस इस बार के विधानसभा चुनाव में अपने मत प्रतिशत में 8-10 प्रतिशत का भी इजाफा कर पाती है तो फिर दिल्ली में त्रिशंकु विधानसभा बन सकती है यानी आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर होना पड़ सकता है।

दिल्ली के चुनावी समीकरण से यह बिल्कुल साफ होता नजर आ रहा है कि आप और भाजपा के मुकाबले में सबसे कमजोर नजर आ रही कांग्रेस के आलाकमान यानी गांधी परिवार ने अगर पूरी ताकत के साथ दिल्ली में विधानसभा का चुनाव लड़ा तो फिर राहुल गांधी ही यह तय करेंगे कि दिल्ली में अगली सरकार किसकी बनेगी ? वास्तव में दिल्ली का यह चुनाव राहुल गांधी के लिए फैसला करने वाला चुनाव होगा कि वह वाकई अपनी पार्टी कांग्रेस को मजबूत करना चाहते हैं या फिर दिल्ली में इंडिया गठबंधन की एकता के नाम पर अपनी पार्टी को कुर्बान कर देते हैं।

# चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना क्यों बनाया जाता है?

महिलाओं की मर्यादा और सशक्तिकरण की पैरवी करने वाले नेता चुनाव आते ही सब कुछ भूल जाते हैं। नेता महिलाओं को चुनाव के दौरान हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से बाज नहीं आते। महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करने में किसी भी दल के नेता पीछे नहीं हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दल अपने नेताओं का व्यक्तिगत बयान कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में यदि नेता को लगता है कि ज्यादा विवाद हो गया है और इससे विशेषकर महिला वोटों का नुकसान हो सकता है तो बेशर्मी के साथ माफी मांग ली जाती है। ऐसे भी नेताओं की कमी नहीं है जिन्हें महिलाओं के प्रति ओछी टिप्पणी करने पर किसी तरह आत्मग्लानि नहीं होती, उल्टे वे रावण की तरह अहंकारी बन कर माफी मानने से साफ इंकार कर देते हैं।

महिलाओं के प्रति किए गए अपमान की इस फेहरिस्त में एक ओर नेता का नाम जुड़ गया है। भाजपा के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के %गाल% जैसी बना देंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि उनकी टिप्पणियों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद प्रकट करते हैं। प्रियंका गांधी पर की गई भद्दी टिप्पणी पर भाजपा के मौन साधने से विधूड़ी के हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद दिल्ली के रोहणी में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री आतिशी पर निजी हमला करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी जो कि मारलेना थीं, अब वह सिंह बन गई हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने पिता को बदल दिया। बिधूड़ी ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी के चरित्र को दर्शाता है। बिधूड़ी के कथित बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, भाजपा महिला विरोधी है, यह एक खुला रहस्य है और यह चिंता का विषय है कि यही भाजपा दिल्ली की कानून व्यवस्था की प्रभारी है।

सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है। वर्ष 2012 में नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में कांग्रेस नेता शशि थरूर की पत्नी सुनंदा थरूर के बारे में कहा था कि वाह क्या गर्लफ्रेंड है। आपने कभी देखी है 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड। इस पर पलटवार करते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया था कि मोदी जी मेरी पत्नी 50 करोड़ की नहीं बल्कि अनमोल है, लेकिन आप को यह समझ में नहीं आएगा क्योंकि आप किसी के प्यार के लायक नहीं हैं। वर्ष 2012 दिसंबर में दिल्ली में निर्भया गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल के जांगीपुर से कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने इस मुद्दे पर कहा था कि विरोध में प्रदर्शनों में हिस्सा ले रही छात्राएं सजी-संवरी महिलाएं हैं, जिन्हें असलियत के बारे में कुछ नहीं पता। मुखर्जी ने कहा कि ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं और फिर इस गैंगरेप के खिलाफ़ विरोध दिखाने इंडिया गेट पर पहुंची। हालांकि इसके बाद सांसद मुखर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफ़ी मांग ली थी। वर्ष 2018 में जया बच्चन को समाजवादी पार्टी की ओर से राज्य सभा में फिर से नामांकित किया गया तो भाजपा नरेश अग्रवाल ने जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया। इसी तरह वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आधार पर बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की हंसी पर मुस्कुराते हुए कहा था कि सभापति जी रेणुका जी को आप कुछ मत कहिए रामायण सीरियल के बाद ऐसी हंसी सुनने का आज सौभाग्य मिला है। बाद में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री किरण रिजीजू ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर रेणुका चौधरी की हंसी की तुलना रामायण के किरदार शूर्पणखा से कर डाली।

इसके बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रामायण में शूर्पणखा की नाक काटे जाने का दृश्य भी ट्विटर पर शेयर किया। वर्ष 2018 में राजस्थान में चुनावी सभा में जनता दल (यू) के नेता शरद यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर व्यक्गित टिप्पणी कर दी। यादव ने कहा कि इन्हें आराम दो, बहुत थक गई हैं। बहुत मोटी हो गई है, पहले पतली थी। इस पर वसंधुरा राजे ने कड़ा एतराज़ जताते हुए कहा कि वे इस बयान से अपमानित महसूस कर रही हैं।

जद नेता शरद यादव की कमान से महिलाओं के प्रति फूहड़ अंदाज का ऐसा तीर पहली बार नहीं निकला। जून 1997 में संसद में महिला आरक्षण बिल पर बहस में यादव ने कहा था कि इस बिल से सिर्फ़ परकटी औरतों को फ़ायदा पहुंचेगा। परकटी शहरी महिलाएँ हमारी (ग्रामीण महिलाओं) का प्रतिनिधित्व कैसे करेंगी। गौरतलब है कि शरद यादव को सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवॉर्ड मिल चुका है। महिलाओं पर विवादित बयानों की ये फ़ेहरिस्त लंबी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादवन ने निर्भया बलात्कार कांड के बाद बयान दिया था कि लड़कों से ग़लती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देना चाहिए। इस काफी बवाल हुआ था। महिलाओं के प्रति अपमानजनक बोल बोलने के मामलों में सर्वाधिक आश्चर्य तो महिला आयोगों की भूमिका पर होता। महिला आयोग चाहे राज्य स्तर के हो या राष्ट्रीय स्तर के, सभी चुप्पी साधे रहते हैं। इन्हें महिलाओं के अपमान, दुर्व्यवहार की कोई चिंता नहीं हैं।

चूंकि आयोगों में पदाधिकारियों की नियुक्यिां सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों की ओर से की जाती है, ऐसे में आयोग सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पाते। देश के मतदाताओं को महिलाओं की बेइज्जती करने वाले नेताओं को सबक सिखाना चाहिए ताकि दूसरे नेता भी इससे सीख ले सकें कि निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए महिलाओं के सम्मान से समझौता करने वाला का हश्र क्या होता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे नेताओं की जुबान पर लगाम लगाई जा सकती है।

## कैमरे के सामने स्टाइलिश पोज देती नजर आई जन्नत गर्ल सोनल चौहान



जन्नत गर्ल सोनल चौहान अपने फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया हेंडल पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। लेटेस्ट शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हॉल्टर नेक लुक में बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। अभिनेत्री अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप लुक और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस सोनल चौहान ने अपने आउटलुक को बेहद ही खूबसूरती से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई फैंस को इंप्रेस करती हुई नजर आ रही हैं। सोनल चौहान भले ही इन दिनों फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं। लेकिन इंस्टाग्राम पर वो काफी एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

## सू- दोकू क्र. 292

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.291 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -292

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 291 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है। मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे।




उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा। मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

ढोंगी है गौतम गंभीर...

# पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी के विवादित बयान से मचा तहलका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इस वक्त निशाने पर हैं. तमाम पूर्व क्रिकेटर्स उनकी कोचिंग स्टाइल पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि उनके कार्यकाल में टीम इंडिया को एक के बाद एक करारी हार मिल रही है. वहीं, अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गंभीर को लेकर एक विवादित बयान दे दिया है. उनका कहना है की गंभीर ढ़ोंगी हैं...



पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया का हेड कोच नियुक्त किया गया. उनकी कोचिंग में पहले तो भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घर पर हार गई. फिर लगातार 4 बार बॉर्डर-गावस्कर जीतने वाली भारतीय टीम बीजीटी भी हार गई. इस तरह के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गौतम गंभीर की कोचिंग सवालों के घेरे में आ गई है. पूर्व क्रिकेटर मनीज तिवारी ने उन्हें लेकर एक विवादित बयान देते हुए गंभीर को ढ़ोंगी करार दिया है.

उन्होंने कहा, आप लोग सोच रहे होंगे की मैंने उन्हें ढोंगी क्यों कहा? इसकी वजह एक इंटरव्यू है. अगर आपको याद हो तो एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था की ये सभी विदेशी कोच, सभी जो बाहर से आते हैं, उनमें फीलिंग्स नहीं होती, उनके पास फीलिंग नहीं होती. वो पैसा कमाते हैं और मजे करते हैं. हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने सपोर्ट स्टाफ के रूप में 2 विदेशी कोचों को चुना, जो उनके साथ आईपीएल में काम कर चुके थे. उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल को अपने साथ जोड़ा.

इस कारण गौतम गंभीर पर नाराज मनोज तिवारी ने आगे कहा, जब उनके पास सभी भारतीय कोच और सभी भारतीय मूल के सपोर्ट स्टाफ को चुनने का मौका था, तो उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल का नाम क्यों आगे बढ़ाया? उन्हें वो सब मिला जो उन्हें चाहिए था लेकिन फिर भी वह नतीजा नहीं दे पा रहे हैं. उनकी हरकतें उनके शब्दों से मेल नहीं खातीं, इसलिए मैंने उन्हें ढोंगी कहा. बताते चलें, अब भारतीय टीम को 22 जनवरी से इंग्लैंड के साथ लिमिटेड सीरीज खेलनी है और फिर फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेना है.

# कुहनेमैन ने ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय तस्मानिया को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने घरेलू क्रिकेट सर्किट में तस्मानिया में शामिल किए जाने को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय दिया है। कुहनेमैन ने 2023 की शुरुआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और एक बार पांच विकेट भी लिए थे। लेकिन उसके बाद, उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उन्होंने 2023/24 शेफील्ड शील्ड सीजन बिना किसी मैच के ही खेल लिया, क्योंकि क्वींसलैंड ने लेग स्पिनर मिशेल स्वेप्सन को अपना मुख्य स्पिनर बना लिया था।



परिणामस्वरूप, कुहनेमैन 2024/25 सीजन से पहले तस्मानिया चले गए और छह शेफील्ड शील्ड मैचों में खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए - जिनमें से नौ विकेट होबार्ट में उनके नए घरेलू मैदान पर आए, जो स्पिनरों के लिए चुनौतीपूर्ण स्थान है।

इससे ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं को श्रीलंका के दो मैचों के दौरे के लिए कुहनेमन को चुनने के लिए प्रेरित किया, जहां वह नाथन लियोन, टॉड मर्फी और कोरी रोचिचियोली के साथ स्पिन विभाग का हिस्सा होंगे। मैंने तस्मानिया जाने के लिए थोड़ा त्याग किया, और मुझे यह अवसर देने के लिए मैं तस्मानिया का बहुत आभारी हूं। यह अजीब है कि क्रिकेट कैसे काम करता है, अगर आपने मुझसे कुछ साल पहले पूछा होता, तो मैं तस्मानिया में होता और फिर ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे पर जाता तो मैं बहुत खुश होता। कुहनेमैन ने शुक्रवार को सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, यह सब यात्रा का हिस्सा है। जब भी आपको ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ दौरे का मौका मिलता है, तो आप उसे हमेशा याद रखते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका दौरे की तैयारी के लिए वह भारत में खेलने के अपने अनुभवों पर भरोसा करेंगे, लेकिन कुहनेमैन को लगता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह और कॉनॉली गॉल में एक ही प्लेइंग इलेवन में खेल सकते हैं।

उन्होंने कहा, हम अलग-अलग तरह की गेंदबाजी करते हैं - जाहिर है कि हम दोनों बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज हैं, लेकिन ... मैं शायद थोड़ा चौकोर (विकेट के बारे में) हो गया। भारत की अपनी पहली यात्रा से मैं कई तकनीकी चीजें सीख सकता हूं, लेकिन मैदान के बाहर भीड़ के दबाव और अपेक्षाओं से निपटना सबसे बड़ी बात है। मुख्य बात यह थी कि मैं अपनी भूमिका निभाऊं और इसे ज़्यादा न करूं, आपको कुछ ऐसी परिस्थितियां मिलती हैं जो आपके अनुकूल होती हैं, इसलिए यह जितना संभव हो उतना सटीक होने के बारे में है। मैं गेंद के आने के तरीके और अपने खेल से वास्तव में खुश हूं।

## एसआईपी इनफ्लो दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पार निकल गया है, जो दिखाता है कि छोटे निवेशकों का लंबी अवधि के निवेश के लिए म्यूचुअल फंड पर भरोसा बना हुआ है।

दिसंबर में एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में होने वाला निवेश बढ़कर 26,459 करोड़ रुपये हो गया है। नवंबर में यह 25,320 करोड़ रुपये पर था। एसआईपी के साथ म्यूचुअल फंड (एमएफ) फोलियो की संख्या भी दिसंबर में बढ़कर 22.50 करोड़ हो गई है, जो कि पिछले महीने 22.02 करोड़ पर थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल भारत में एसआईपी निवेश में सालाना आधार पर 233 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई है।

# स्मिथ ने अपनी कप्तानी वापसी पर कहा, अब मैं थोड़ा अधिक आराम महसूस कर रहा हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में गॉल में दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने के अवसर को लेकर वह थोड़ा अधिक आराम महसूस कर रहे हैं।




श्रीलंका के दो मैचों के दौरे के लिए स्मिथ को टेस्ट कप्तान बनाया गया है क्योंकि नियमित कप्तान कमिंस अपने दूसरे बच्चे के जन्म और हाल ही में टखने की चोट के कारण इस दौरे से बाहर रहेंगे। स्मिथ ने सिडनी सिक्सर्स के लिए अपने बीबीएल मैच से पहले सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड को बताया, जब पैटी (कमिंस) यहां नहीं हैं, तो मुझे कमान संभालने का कोई भी मौका मिलना मजेदार है। मैं अभी भी अपने तरीके से काम करने की कोशिश करता हूं। यहां-वहां कुछ अवसर मिलना अच्छा रहा।

यह एक अच्छा दौरा होने वाला है। मुझे लगता है कि मैं स्पिन और उपमहाद्वीप को कोणों और क्या होने की जरूरत है, के मामले में अच्छी तरह समझता हूं। साथ ही, खेल की गति जिसे निश्चित समय पर खेला जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं शायद अब थोड़ा और आराम से हूं। मैं काफी शांत हूं। मैं बस इसका आनंद लूंगा। स्मिथ पर 2018 के सैंडपेपरगेट गाथा में अपनी भूमिका के लिए दो साल का नेतृत्व प्रतिबंध लगाया। प्रतिबंध समाप्त होने के बाद से 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने देश की चार बार कप्तानी की है। उन्होंने 2023 में भारत में कुछ टेस्ट मैचों में कप्तानी करने से पहले एडिलेड (2021) में इंग्लैंड के खिलाफ, पर्थ (2022) में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की।

स्मिथ ने 2016 में श्रीलंका के दौरे पर ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया, जो 3-0 की विनाशकारी श्रृंखला हार में समाप्त हुआ।

श्रीलंका की स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों के बारे में बात करते हुए स्मिथ ने कहा, वे कठिन परिस्थितियां हो सकती हैं। स्मिथ ने कहा, वे वहां बहुत अच्छा खेलते हैं, खासकर अगर विकेट काफी चरम पर हों। यह सिर्फ बल्लेबाजों के रूप में योजनाएं विकसित करने की बात है... अलग-अलग तरीके जो उन्हें स्कोर करने और टिके रहने की अनुमति देते हैं। यह ऑस्ट्रेलिया में स्पिन खेलने से बहुत अलग है। जो भी हो, पहली गेंद से ही उस पर टिके रहो, उस पर भरोसा करो।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 15वें खिलाड़ी बनने से एक रन दूर रह जाने के बाद स्मिथ 10,000 रन क्लब में शामिल होने के सबसे बड़े मील के पत्थर पर नज़र गड़ाए हुए हैं। स्मिथ ने कहा, एक रन... उस समय यह थोड़ा दुखदायी था। उन्होंने कहा, मेरे सभी दोस्तों और परिवार के सामने अपने घरेलू मैदान पर इसे पूरा करना अच्छा होता, लेकिन उम्मीद है कि मैं गॉल में सबसे पहले इसे पूरा कर पाऊंगा। मैंने शायद खेल के दौरान इसे अपने दिमाग में बहुत ज़्यादा घूमने दिया। यह एक शानदार मील का पत्थर होगा।

## सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सपाट खुला। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मजबूत तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। शुरुआती कारोबार में टीसीएस का शेयर 3.7 प्रतिशत उछलकर 4,186 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।


आईटी सेक्टर 2 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। सुबह करीब 9.34 बजे सेंसेक्स 177.53 अंक या 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,442.68 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 68.50 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,458 पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 656 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,477 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

निफ्टी बैंक 67.95 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,435.55 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 273 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,472.90 पर कारोबार कर रहा था।

निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 101.50 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,016.85 पर था। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्योंकि नतीजों का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए नतीजों के जवाब में बाजार में कई स्टॉक-स्पेसिफिक एक्टिविटी देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा, टीसीएस के नतीजों से संकेत मिलता है कि आईटी सेक्टर में मजबूती बनी रहेगी। सेंसेक्स पैक में, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएलटेक, टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर्स थे।

# श्रीलंका दौरे के लिए मंजूरी मिलना सपना सच होने जैसा है : कोनोली

**मेलबर्न (एजेंसी)।** युवा ऑलराउंडर कूपर कोनोली ने कहा कि श्रीलंका के आगामी टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनके चयन की खबर को वह कभी नहीं भूल पायेंगे क्योंकि यह सपना सच होने जैसा है। कोनोली ने कहा, 21 साल की उम्र में मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए कुछ वनडे और एक टी20 मैच खेलकर खुश होता। लेकिन श्रीलंका जाने के लिए मंजूरी मिलने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था। यह एक बहुत अच्छा समूह है, कोचिंग स्टाफ अद्भुत है, और मुझे लगता है कि मैं बहुत कुछ सीखने जा रहा हूं।




कोनोली ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ़ पर्थ स्कॉर्चर्स के मैच से पहले एससीजी में संवाददाताओं से कहा, मैंने टोनी डोडेमेडे का नाम देखा और सोचा कि शायद यही एक चीज़ हो सकती है। (यह) एक अच्छा फ़ोन कॉल था, मैंने सीधे जाकर माँ और पिताजी से कहा, मां रोने वाली थी। मैं उस पल को कभी नहीं भूलूंगा। मेरा सपना सच हो गया।


टेस्ट में अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज़ी में बेहतरीन प्रदर्शन करने के आत्मविश्वास के बारे में पूछे जाने पर, कोनोली, जिन्होंने पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 और वनडे कैप अर्जित किए थे, ने कहा, मुझे लगता है कि इस समय मेरी गेंदबाज़ी काफ़ी अच्छी है। मुझे ऐसा लगता है। यही कुछ ऐसा है जो मुझे दुनिया भर की टीमों में शामिल कराएगा और उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए और भी मौके मिलेंगे। मुझे लगता है कि पिछले 18 महीनों में मेरी गेंदबाज़ी में काफ़ी सुधार हुआ है, इसलिए मैं इस स्थिति से खुश हूं।

कुछ अनुभव (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर) काफ़ी अच्छे रहे हैं; मैं भारत में एमआरएफ टूर पर भी गया हूं, जो स्पिनिंग कंडीशन में मेरे क्रिकेट के लिए वाकई फायदेमंद रहा है। मैं वहां जाकर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। मुझे किसी कारण से चुना गया है, इसलिए मुझे वहां जाकर इसे अपनाना है और जितना हो सके उतना सीखना है। कोनोली का बीबीएल में समय कम हो जाएगा, क्योंकि वह श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए गॉल जाने से पहले यूएई में एक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे, और उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ डेब्यू पर सैम कोंस्टास ने जो किया, उसे देखकर वे दंग रह गए। उन्हें (जसप्रीत) बुमराह की गेंदों पर रैंप शॉट खेलते देखना रोमांचक है; मैं ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने उस टीम में बहुत ऊर्जा लाई है, उनके पास पहले से ही बहुत ऊर्जा थी, लेकिन वह कुछ अलग लेकर आए हैं, जिस तरह से वह खेलते हैं, वह ईमानदारी से कहूं तो अद्भुत है। वह बुमराह को एक ओवर में तीन बार रैंप करने के लिए काफी बहादुर हैं। यह वहां जाने और उम्मीद है कि उनके साथ कुछ और ऊर्जा प्रदान करने का एक अच्छा अवसर होगा।

# दिनेश कार्तिक ने रोहित शर्मा को दिया गच्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं. रोहित शर्मा के बल्ले से रन तो नहीं ही निकले रहे हैं. बतौर कप्तान भी वे अपने निर्णयों से प्रभावित करने में असफल रहे हैं. इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए आखिरी टेस्ट से वे बाहर भी रहे थे. अब दिनेश कार्तिक ने भी रोहित की कप्तानी पर सवाल उठा दिया है.

रोहित शर्मा सिर्फ अपनी बल्लेबाजी नहीं बल्कि अपनी कप्तानी को लेकर भी आलोचना के घेरे में हैं. इसके बावजूद उन्हें बेहतर कप्तान मानने वाले और बताने वालों की संख्या करोड़ों में है लेकिन पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की सोच इससे बेहद अलग है. दिनेश रोहित शर्मा को मौजूदा समय का बेस्ट कप्तान नहीं मानते. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ कप्तान माना है.



दिनेश कार्तिक द्वारा पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया जाना कहीं न कहीं आंकड़ों के दृष्टिकोण से सही है. कमिंस जब भी बतौर कप्तान रोहित शर्मा के सामने आए हैं विजेता बनकर उभरे हैं. वनडे विश्व कप 2023 फाइनल, डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल और बीजीटी 2024-25 इसका उदाहरण है. कमिंस की कप्तानी में इन हर बड़े मौकों पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात दी है.

## इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो दिसंबर में 14 प्रतिशत बढ़कर 41,156 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो दिसंबर में 14 प्रतिशत बढ़कर 41,155.9 करोड़ रुपये हो गया है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) द्वारा गुरुवार को जारी डेटा से मिली।

इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो में वृद्धि थीमेटिक/सेक्टोरल और स्मॉल-कैप फंडों में अधिक निवेश के कारण हुई है। दिसंबर में स्मॉल-कैप फंडों में 4,667.7 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने यह आंकड़ा 4,111.8 करोड़ रुपये था। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, मिड-कैप कैटेगरी में दिसंबर में 5,093.2 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने यह 4,883.4 करोड़ रुपये था। दिसंबर में सेक्टोरल और थीमैटिक कैटेगरी में 15,331.5 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इस अतिरिक्त फ्लेक्सी-कैप फंडों में 4,730.7 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। वहीं, मल्टी-कैप फंडों में 5,084.1 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। पिछले महीने नए फंड ऑफर (एनएफओ) में 13,643 करोड़ रुपये का निवेश आया था। पैसिव फंड कैटेगरी में सबसे ज्यादा नए एनएफओ लॉन्च हुए थे। इसके अलावा दिसंबर में म्यूचुअल फंड्स फोलियो की संख्या बढ़कर करीब 22.50 करोड़ हो गई है, जो कि नवंबर में 22.02 करोड़ थी। भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में पिछले दशक में मजबूत वृद्धि देखी गई है।

# जोकोविच का दावा कि ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान उन्हें जहर दिया गया था

**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के वीज़ा विवाद के समय हिरासत के दौरान उन्हें जहरीला खाना खिलाया गया था, इससे पहले कि उन्हें सीज़न के पहले मेजर की पूर्व संध्या पर निर्वासित कर दिया गया। 24 बार के मेजर विजेता का 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया के कोविड-19 प्रवेश नियमों और उनके बिना टीकाकरण की स्थिति के कारण वीज़ा रद्द कर दिया गया था। उन्हें शुरू में वीज़ा छूट दी गई थी, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इसे रद्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मेलबर्न के एक होटल में शरणार्थियों के साथ हिरासत में रखा गया।

जोकोविच ने जीक्यू को बताया, मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था जिससे मुझे ज़हर हो गया था। जब मैं सर्बिया वापस आया तो मुझे कुछ पता चला। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया... मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत ज़्यादा था। मेरे शरीर में सीसा और पारा का स्तर बहुत ज़्यादा था।

सर्ब ने आगे कहा कि 2022 के विवाद के बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, 12 महीने बाद, वह खिताब जीतने के लिए मेलबर्न लौट आए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में ऑस्ट्रेलिया या दुनिया के दूसरे देशों में मिलने वाले बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग मेरे पास आए और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगी, क्योंकि उस समय वे अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे। उन्होंने कहा, और मुझे लगता है कि सरकार बदल गई है और उन्होंने मेरा वीज़ा बहाल कर दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मुझे वहां रहना बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि मेरे नतीजे टेनिस खेलने और उस देश में होने की मेरी भावना का प्रमाण हैं।

जोकोविच ने कहा, कुछ साल पहले मुझे उस देश से निर्वासित करने वाले लोगों से मैं कभी नहीं मिला। मुझे उनसे मिलने की इच्छा नहीं है। अगर मैं किसी दिन उनसे मिलूंगा, तो भी ठीक है। मैं हाथ मिलाकर आगे बढ़ने के लिए खुश हूं। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने जोकोविच के दावों पर बात करने से इनकार कर दिया।

टिली ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मैं इस सवाल का जवाब नहीं दूंगा। मैं वहां नहीं जाऊंगा। यह तीन साल पहले की बात है। हम सिर्फ एक शानदार आयोजन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में छाया घना कोहरा, 100 से ज्यादा फ्लाइट लेट; ट्रेनों की रफ्तार भी थमी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई जिससे हवाई और रेल सेवाओं पर असर पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब , हरियाणा और राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में मध्यम से बहुत घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली को आने वाली 26 ट्रेनें और 100 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा है। भारतीय रेलवे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति के कारण दिल्ली जाने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

सेंट्रल कंट्रोल बोर्ड की वेबसाइट के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 6 बजे के करीब 408 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार सुबह 6 बजे एक विज्ञप्ति में कहा कि घने कोहरे के कारण हवाई सेवाओं पर असर पड़ा है। लो विजिबिलिटी की वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। फ्लाइटराडार24 के अनुसार, औसत 41 मिनट की देरी हुई।

हालांकि, डीआईएएल ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सीएटी अनुपालन वाली उड़ानें टेक ऑफ और लैंड कर सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 6 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

दिल्ली- वायु प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि के बीच गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत चरण 3 के प्रावधानों को फिर से लागू किया गया ।दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का आकलन किया गया, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार शाम 4 बजे 357 बजे तक पहुंच गया, जो बुधवार को 297 था।

दिल्ली- वायु प्रदूषण को कम करने की रणनीति बनाने के लिए जिम्मेदार वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग ने क्षेत्र के अधिकारियों को स्थिति और खराब होने से बचाने के लिए चरण 3 के तहत निर्धारित मानदंडों को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया। रविवार को ग्रैप चरण 3 में गैर-औद्योगिक निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। चरण 3 के अंतर्गत कक्षा 5 तक की कक्षाओं को हाइब्रिड मोड में शिफ्ट करना आवश्यक है।

चरण 3 के तहत, दिल्ली और आस-पास के निर्माताओं में बीएस-पेट्रोल और बीएस- डीजल कारों (चार पहिया वाहन) पर प्रतिबंध है। चरण 3 में राष्ट्रीय राजधानी में बीएस- या पुराने मानक वाले गैर-आवश्यक डीजल इंजन से चलने वाले मध्यम श्रेणी के मॉडल पर भी प्रतिबंध है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्ट के दौरान जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ बातचीत की।

## कोहरे का कहर : एनएच-9 पर कई गाड़ियां आपस में भिड़ीं, कई घायल

**हापुड़( एजेंसी )।** हापुड़ जिले में सुबह घने कोहरे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 9 (एनएच-9) पर कई वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में कई लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7.30 बजे थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के सिमरौली बॉर्डर के पास काली नदी पुल पर हुआ। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही एक मारुति ईको अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस टक्कर में इमरान पुत्र इकबाल और हीना पत्नी इकबाल घायल हो गए। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के चलते पीछे से आ रही अन्य गाड़ियां भी एक-दूसरे से टकरा गईं। दुर्घटना में एक पिकअप, एक आर्टिका, एक मारुति वैन और एक स्विफ्ट कार भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, पीछे से टकराने वाली गाड़ियों में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

## सत्ता जाने के डर से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवाल : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने पलटवार किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।



दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल अपनी सत्ता खोने का बदला दिल्ली वालों से ले रहे हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह भाजपा को कोस लें, लेकिन प्लीज दिल्ली में तनाव ना फैलाइए, दिल्ली का विकास रोककर, खजाना लूटकर वह पहले ही बहुत नुकसान कर चुके हैं। अब उन्हें दिल्ली का समुदाय सौहार्द नहीं बिगाड़ना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, दो कुर्सी नाटक से आज के घटिया पोस्टर तक आपने गत 4 माह में हर सुबह दिल्ली वालों को, भाजपा को कोसा है। दिल्ली अब और केजरीवाल को नहीं सह पाएगी। केजरीवाल का आज का पोस्टर उनके चरित्र और हताशा को दर्शाता है। भाजपा इसकी निंदा करती है और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इसे वापस लें।

वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 13 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के साथ एक कागजी मुख्यमंत्री के रूप में जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने उसी दिन इस्तीफा न देकर राजनीतिक आत्महत्या की थी। 21 सितंबर को आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री कहकर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पुरानी महिला विरोधी सोच को फिर से दर्शाया था। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आतिशी से दो कुर्सी का नाटक करा कर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार की थी। 25 अक्टूबर को विकासपुरी से लेकर 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश पदयात्रा तक अरविंद केजरीवाल ने खुद पर हमले का कार्ड चलाने की भरसक कोशिश की, पर इस बार 2015 के थप्पड़ जैसी झूठी कहानी जमी नहीं।

उन्होंने आगे कहा, केजरीवाल पूरा दिसंबर दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक डैमेज कंट्रोल के लिए मुस्लिम रोहिंग्या वोटर जुड़वाने को बेताब दिखे। वहीं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में तो मृत एवं शिफ्टेड वोटर को बनाए रखने के लिए फड़फड़ाते रहे। 1 जनवरी 2025 को जब लोग खुशियां बांट रहे थे, तब केजरीवाल-मार्लेना ने उपराज्यपाल मंदिर तुड़वा देंगे जैसी झूठी खबर उड़ाकर दिल्ली का साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की, पर वह सफल नहीं हुए।

## आरक्षण से बाहर करना सरकार का काम', क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ ले चुके ऐसे व्यक्तियों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं, लेकिन इस पर फैसला कार्यपालिका और विधायिका को लेना होगा।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए एक फैसले का जिक्र करते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था। उन्होंने कहा था कि राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों (स्ट/स्ज्ञ) के भीतर भी क्रीमीलेयर की पहचान करने की नीति बनाई जानी चाहिए। उनमें जो लोग सक्षम हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के उसी निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें ऐसी क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने की बात कही गई थी। जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दृष्टिकोण था कि उप-वर्गीकरण की अनुमति है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान पीठ ने राज्यों को नीति बनाने का निर्देश दिया था और तब से लगभग छह महीने बीत चुके हैं। पीठ ने जब याचिका पर सुनवाई के प्रति अनिच्छा जाहिर की तो वकील ने याचिका वापस लेने और संबंधित प्राधिकारी के समक्ष पक्ष रखने की अनुमति मांगी, जो इस मुद्दे पर निर्णय ले सके। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी। जब वकील ने तर्क दिया कि राज्य नीति नहीं बनाएंगे और अंततः सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ेगा तो अदालत ने कहा, विधायिका कानून बना सकती है।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने एक अगस्त को 6-1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य एससी-एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने पांच न्यायाधीशों के ईवी चिनैया (2004) मामले में दी गई व्यवस्था को गलत ठहरा दिया था। ईवी चिनैया फैसले में पांच न्यायाधीशों ने कहा था कि एससी-एसटी एक समान समूह वर्ग हैं और इनका उपवर्गीकरण नहीं हो सकता। एक अगस्त के फैसले में कोर्ट ने आरक्षण के भीतर आरक्षण पर तो मुहर लगाई ही थी। साथ ही एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण में से क्रीमीलेयर को चिन्हित कर बाहर किए जाने की जरूरत पर भी बल दिया था। छह



न्यायाधीशों ने एक दूसरे से सहमति जताने वाला फैसला दिया था, जबकि जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई थी। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा था कि एससी-एसटी का उपवर्गीकरण संवैधानिक प्रविधानों के विरुद्ध है। अनुच्छेद-341 और अनुच्छेद-342 में जारी राष्ट्रपति की सूची में कोई भी बदलाव सिर्फ संसद कर सकती है और राज्यों को यह अधिकार नहीं है।

पिछले साल 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि राज्य पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के 'मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकड़ों' के आधार पर उप-वर्गीकरण कर सकते हैं, न कि सनक' और 'राजनीतिक लाभ' के आधार पर। सात जजों की बेंच ने 6:1 के बहुमत से ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों का कोई उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता क्योंकि वे अपने आप में एक समरूप वर्ग हैं।

## हिमाचल प्रदेश शीतलहर की चपेट में कई जिले

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य में दो दिनों तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं कई जिलों में शीतलहर चलने व घना कोहरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। शीतलहर के कारण लोग सुबह-शाम घरों में दुबकने को मजबूर हैं। आज एवं कल प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी की मध्य रात्रि या 13 जनवरी की सुबह तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ भागों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं शिमला शहर सहित राज्य के कुछ पर्यटन स्थलों पर 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी 2025 की दोपहर तक बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। वहीं राज्य के निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों के कुछ भागों में हल्की वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर 11 जनवरी की दोपहर से 12 जनवरी मध्यम वर्षा और गरज के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

## दिल्ली चुनाव में आप व कांग्रेस दोनों का सुपड़ा होगा साफ : जयराम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि दिल्ली में इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) का इस विधानसभा चुनाव में सुपड़ा साफ हो जाएगा।

ठाकुर ने यहां जारी बयान में कहा कि झूठ के हाथ पांव नहीं होते हैं और यह बहुत जल्दी बेनकाब हो जाता है। कांग्रेस और आप का विकास और गरीब विरोधी चेहरा पूरी तरीके से बेनकाब हो चुका है। इसलिए वे दिल्ली में चाहे जितने झूठ बोल लें या चाहे जितनी कसमें खा ले एक भी दिल्ली वासी अब आप और कांग्रेस की बातों पर ऐतबार नहीं करेगा। झूठ बोलकर बार-बार किसी का यकीन नहीं हासिल किया जा सकता इसलिए कांग्रेस और आप अब दिल्ली के मतदाताओं का यकीन और समर्थन नहीं हासिल कर सकती है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर जितना झूठ बोल सकती थी जितने फरेब कर सकती थी सब कर चुकी है। इन दोनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजय रथ रोकने के लिए दिल्ली में एक साथ मिलकर भी चुनाव लड़ा। दिल्ली के लोगों को एक से एक सब्ज़बाग दिखाएं लेकिन दिल्ली के लोगों ने साफ कर दिया कि उन्हें झूठे लोगों से दूरी बनाकर रखनी है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गारंटियों का जो मॉडल हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं ने दिखाया और कांग्रेस ने गारंटीयों के नाम पर हिमाचल प्रदेश को जिस प्रकार से छला वैसा उदाहरण भारत की राजनीति में शायद ही कभी मिले। हिमाचल में कांग्रेस के आला नेताओं से लेकर छोटे-मोटे नेताओं ने सिर्फ सत्ता हथियाने के लिए झूठ बोलने की सारी हदें पार कर दी। एक से बढ़कर एक झूठ बोले, एक से बढ़कर एक गारंटियां दी, एक से एक बढ़कर वादे किए। लेकिन सत्ता पाते ही कांग्रेस के लोग तानाशाह हो गए। जो भी गारंटियां दी थी थी उसके उल्टा काम करना शुरू किया, हिमाचल में यह पहली सरकार थी जो अपने चुनावी वादों के अपने मेनिफेस्टो के विपरीत काम कर रही है। हिमाचल की सुक्खू सरकार श् एंटी गारंटी और एंटी मेनिफेस्टो गवर्नमेंटश् है। जिन वादों पर हिमाचल के लोगों ने कांग्रेस को जनादेश दिया उसके विपरीत ही सारे काम सरकार द्वारा किए गए। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में 18 से 59 साल की हर महिला को 1500 देने, पहली कैबिनेट बैठक में एक लाख नौकरियां देने और 5 साल में 5 लाख नौकरियां देने, गोबर खरीदने 100 किलो दूध खरीदने, युवाओं को स्टार्ट फंड देने, 300 यूनिट बिजली फ्री देने के नाम पर सत्ता में आई थी।

## अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल सबसे बड़े धोखेबाज : गिरिराज सिंह

**बेगुसराय ( एजेंसी )।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल खुद धोखेबाज हैं, उनसे बड़ा फर्जी कौन हो सकता है जिसने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। दरअसल, केजरीवाल द्वारा बिहार और यूपी के लोगों को फर्जी वोटर कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी।



गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जिन्हें फर्जी वोटर बता रहे हैं, उनके दम पर ही वह मुख्यमंत्री बने हैं। केजरीवाल ने इससे पहले भी पूर्वांचल के लोगों को गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा था कि यूपी-बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट लेकर यहां पर इलाज कराने के लिए आ जाते हैं। केजरीवाल जिस थाली में खाते हैं, उसमें छेद करते हैं। वह खुद फर्जी हैं। दिल्ली में अगर बिहार-यूपी के लोग आते हैं, तो उनका दिल्ली के विकास में योगदान है। जिसने अन्ना हजारे को नहीं बख्शा, वह दूसरों को फर्जी बता रहे हैं।

बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 9 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा किया। पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में चुनाव के नाम पर स्कैम हो रहा है। बीजेपी बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर रही है। स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने बीजेपी के सामने घुटने टेक दिए हैं ।आज चुनाव आयोग से मिलकर शिकायत की है। अगर चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी।

आम आदमी पार्टी के नेताओं का दावा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहते हैं। बीजेपी लगातार उनके वोट कटवा रही है। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने पूर्वांचलियों को मंत्री, सांसद और विधायक बनाया। उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा दी, कच्ची कॉलोनियों में सड़कें बनवाई हैं ।दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की महाकुंभ स्पेशल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता : विज

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विज ने चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता मे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्टर्स के साथ हुई बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि उनको निर्देश दिए गए हैं कि गाड़ियों की ओवरलोडिंग रोकें। विज ने सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। नई सड़कों ने राज्य की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिली है।

दिल्ली में आगामी चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय पताका फहराकर शंखनाद कर दिया है और हमने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा सारे देश के लिए छोड़ दिया है तथा यह जहां-जहां जाएगा सभी जगह भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी। उन्होंने कहा कि यहां के बाद महाराष्ट्र का चुनाव हुआ, वहां पर भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई और अब दिल्ली के चुनाव होने जा रहे हैं दिल्ली में भी भाजपा की विजय होगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि यह एक झूठी और धोखेबाज पार्टी है। इस पार्टी के सभी नेता अन्ना हजारे के आंदोलन से निकले है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। उस आंदोलन मे राजनीति पार्टी बनाने का कोई एजेंडा नहीं था।

पुरानी बस्ती से सर्वमंगला तक प्रस्तावित रपटा निर्माण स्थल का किया अवलोकन

# कलेक्टर ने किया चौपाटी और प्रस्तावित रपटा निर्माण स्थल पुरानी बस्ती का निरीक्षण



**कोरबा।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों के साथ घंटाघर ओपन थियेटर के समीप स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री वसंत ने चौपाटी में पूर्व में किए गए विकास व निर्माण कार्यों की आवश्यकतानुसार मरम्मत करने, पेवर ब्लाक, ड्रेन निर्माण के साथ-साथ पानी, बिजली की सुविधा सुनिश्चित कराए जाने व चौपाटी की साफ-सफाई कर उसे व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घंटाघर मैदान के चौपाटी संघ के पदाधिकारियों व अध्यक्ष से चर्चा कर उनकी सहमति से ठेले गुमठी की शिफ्टिंग स्मृति उद्यान के पीछे स्थित उक्त चौपाटी में करने की योजना बनाएं तथा चौपाटी शिफ्टिंग के पश्चात आवश्यकतानुसार चौपाटी को और अधिक विकसित व सुविधायुक्त स्वरूप दिए जाने की कार्ययोजना पर काम करें। कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा पुरानी बस्ती से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक रपटा निर्माण के मद्देनजर आज उक्त स्थल का निरीक्षण किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा पुरानी बस्ती से सर्वमंगला मंदिर तक सीधी पहुंच हेतु हसदेव नदी के उक्त स्थल पर रपटा निर्माण की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री के द्वारा की गई उक्त घोषणा को अमलीजामा पहनाने व रपटा निर्माण की दिशा में कार्यवाही को गति देने के संदर्भ में उक्त स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि रपटा निर्माण के पश्चात पुराने कोरबा शहर से सर्वमंगला मंदिर व कुसमुण्डा की ओर जाने के लिए शार्ट-कट मार्ग सुलभ हो जाएगा तथा यह दूरी अत्यंत कम हो जाएगी, वहीं वहाँ का ट्रेफिक डायवर्ट होने से कोरबा शहर की यातायात व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रेलवे फाटक बंद होने से पुराने कोरबा शहर की ओर से सर्वमंगला रोड व कुसमुण्डा की तरफ जाने वाले नागरिकों को होने वाली असुविधा एवं समय की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम के अधीक्षण अभियंता एम. के. वर्मा, जोन कमिश्नर ए. के. शर्मा, विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, विनोद गोंड़, सुनील वर्मा, सुमित गुप्ता, आनंद राठौर, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

## धान, बारदाना के स्टॉक का जनवरी माह में 03 चरणों मे किया जाएगा भौतिक सत्यापन

**कोरबा।**

छत्तीसगढ़शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में उपार्जित किए जा रहे धान, बारदाना के स्टॉक का भौतिक सत्यापन माह जनवरी 2025 में तीन चरणों में किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत प्रथम चरण 07 जनवरी 2025 से 14 जनवरी 2025 तक, द्वितीय चरण 15 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक एवं तृतीय चरण 23 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के मध्य निर्धारित है।

कलेक्टर अजीत बसंत द्वारा राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में जिले में पदस्थ जिलाधिकारियों के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को शामिल कर जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि नियुक्त जांच दल के अधिकारियों द्वारा माह जनवरी 2025 में निर्धारित तिथि अंतर्गत आबंटित धान खरीदी केंद्रों का 03 चरणों में भौतिक सत्यापन कर पूर्व में गिरदावरी सत्यापन कार्य में इंस्टाल एप्प के माध्यम से डाटा ऑनलाईन अपलोड किया जाएगा। साथ ही उक्त कार्य का पालन प्रतिवेदन जिला खाद्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## श्रमिकों के बैंक खाते में आएगी 14 करोड़ से अधिक की राशि

**कोरबा।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन प्रदेश के 37 हजार से अधिक श्रमवीरों और उनके परिवार जनों के सीधे खाते में 14.83 करोड़ की राशि अंतरित करेंगे। श्रम विभाग के तीनों मंडल छत्तीसगढ़ भवन व अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल व श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है की जनवरी से नवम्बर 2024 तक श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 375 करोड़ रूपए अंतरित किया जा चुके हैं। गुरुवार को श्रम मंत्री शाम 4 बजे 37355 श्रमिक हितग्राहियों को 14.83 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित करेंगे। इसी तरह पंजीकृत 15 ई रिक्शा धारकों को भी राशि का वितरण होगा।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**कोरबा।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपने शिकायतों के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में भूमि सीमांकन के आवेदनों को गम्भीरता से लेते हुए सभी तहसीलदारों को सीमांकन के सभी आवेदनों को अभियान चलाकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आज कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत हुए जनहानि में राहत राशि दिलाने, मुआवजा भुगतान, क्षतिपूर्ति, अतिक्रमण हटवाने, अनियमितता की जांच, पुलिस सहायता दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति, आर्थिक सहायता मजदूरी भुगतान, मछली पालन के लिए सहायता, बिजली बिल में छूट सहित अन्य आवेदन शामिल है। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे, शिक्षा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## उद्योग मंत्री ने टीपी नगर जोन के चार वार्डों में रखी 82.58 लाख के कार्यों की आधारशिला

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन




**कोरबा।**

नगर विधायक वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 14 में चार वार्डों में कुल 82.58 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि आज टीपी नगर जोन के वार्डों को इतने कार्यों की सौगात विष्णुदेव की सरकार में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 14 महापौर राजकिशोर प्रसाद का वॉर्ड है, यही से वे पार्षद निर्वाचित हुए थे, पूरे शहर में विकास तो दूर की बात खुद के वॉर्ड में विकास नहीं कराया गया। यही वजह है विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में यहां के जनमानस से प्रचण्ड वोटों से भाजपा को जिताया था। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों से हमने जो वादा किया था उसे अक्षरस निभाने का काम माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सरकार में हो रहा है। आने वाले वर्षों में आपको विकास और तेज गति से दिखने लगेगी। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी , वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन कोसाबाड़ी मंडल के अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, कोरबा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, उमा भारती सराफ, ज्योति वर्मा, मंजू सिंह, अजय विश्वकर्मा, पार्षद धनसाय साहू, चन्दन सिंह, हार बाई यादव, सुशील गर्ग, स्मिता सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

**इन कार्यों की रखी गई आधारशिला:-** वार्ड क्र. 02 सी.सी. रोड निर्माण कार्य अमर चंद्रा घर से भागी चंद्रा घर तक लागत- 8 लाख,वार्ड क्र. 02 तुलसी नगर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त विकास कार्य। लागत 5 लाख, वार्ड 03 नदी किनारे पचरी निर्माण कार्य10 लाख,वार्ड 3 क्षेत्रांतर्गत विकास कार्य, 10 लाख, वार्ड क्र. 03 राताखार में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, लागत। 14.58 लाख, वार्ड क्र. 13 झरनापारा मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, लागत 5 लाख, वार्ड क्र. 14 पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष एवं विस्तार कार्य। 15 लाख , वार्ड क्र. 14 क्षेत्रांतर्गत पम्प हाउस में झोपड़ीपारा मैग्जिनभाठा, अटल आवास के पीछे रोड नाली निर्माण कार्य ,10 लाख,वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में आदर्श श्रमिक क्लब के सामने बस स्टॉप का निर्माण कार्य, लागत 5 लाख। कुल 82.58 लाख के कार्यों का आज भूमिपूजन और शिलान्यास कर कार्यों का श्री गणेश किया गया।

## कोरबा समेत राज्य की बिगड़ी कानून व्यवस्था घर हो या सड़क कहीं कोई सुरक्षित नहीं : जयसिंह

**कोरबा।** शहर के टीपी नगर स्थित लालू राम कालोनी में व्यवसायी की जघन्य हत्या पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शहर के सबसे व्यस्त इलाके में दो हमलावर घर में घुस कर सराफा व्यापारी गोपाल राय सोनी की धारदार हथियार से जघन्य हत्या कर उनकी कार लेकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि कोरबा समेत प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। फ्लोरा मैक्स जैसी ठग कंपनी ने लगभग 38 हजार महिलाओं से 100 करोड रुपए से भी अधिक की ठगी को अंजाम दिया।



पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार जरूर किया, लेकिन महिलाएं कर्जदार बन अभी भी भटक रही हैं। पुलिस के नाक के नीचे यह सब होता रहा। पुलिस तब जागी जब महिलाएं खुद सामने आईं। कर्जदार हो गई महिलाएं अब दर-दर भटक रहे उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा। डीजल चोरी जैसे संगठित अपराध में भी पुलिस की संलिप्तता उजागर हुई है। हाल ही में कुसमुंडा, गेवरा क्षेत्र से डीलर चोर गिरोह को पकड़ा गया। डीजल चोर गिरोह से की गई पूछताछ के बाद यह बात सामने आई कि लगभग आधा दर्जन पुलिस वाले डीजल चोरी के इस कारोबार में सम्मिलित थे। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने खुद पुलिस वालों को सस्पेंड किया। जिससे यह बात प्रमाणित होती है कि संगठित अपराध भी पुलिस के संरक्षण में पोषित हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले और राज्य में पुलिसिंग की हालत क्या है। टीपी नगर में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद शहर के व्यवसायियों में डर का माहौल है। जिस तरह से घर में घुसकर व्यवसाई गोपाल राय सोनी की हत्या कर दी गई है। उससे कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा उठ गया है. दिखावे की कार्रवाई करने के स्थान पर कातिलों को जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क से लेकर घर के भीतर तक कहीं भी लोगों की जान सुरक्षित नहीं है। जिले में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रहीं हैं।

## बालको की पंक्ति अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर कत्थक नृत्य में जीता प्रथम पुरस्कार

**कोरबा।** बालको की कमलिनी एमजीएम नर्सरी स्कूल की छात्रा पंक्ति अग्रवाल ने दुर्ग में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक और फाइंड आर्ट कंपटीशन/ फेस्टिवल में कत्थक नृत्य में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने स्कूल और बालको नगर को गौरवान्वित किया है। पंक्ति अग्रवाल ने माइनर कैटेगरी में सोलो कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया और अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार जीता। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल की तरफ से ढेरो बधाइयां और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। इस आयोजन में देश भर के विभिन्न शहरों से आये प्रतिभागियों ने भाग लिया था।




# फ्लोरा मैक्स पीड़ित महिलाओं के लोन माफी की मांग

तीसरे दिन भी जारी रहा महिलाओं का आमरण अनशन, धरना स्थल पहुंचे विधायक, उरगा में आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी

**कोरबा।**

फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी से शिकार महिलाएं शासन प्रशासन से लोन माफी की गुहार लगा रही हैं। आईटीआई तानसेन चौक पर पिछले तीन दिनों से उनका आमरण अनशन जारी है। बुधवार को रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं की लोन माफी की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर उरगा चौक पर आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी दी है।



फ्लोरा-मैक्स कंपनी ने महिलाओं को अच्छी कमाई का झांसा देकर कर्जदार बना दिया है। उनके नाम पर कई माइक्रो फाइनेंस बैंकों से लोन लिए गए। अब बैंक के कर्मचारी उन पर किश्त जमा करने दबाव बना रहे हैं। जिसे लेकर महिलाएं शासन प्रशासन से कर्ज माफी और कंपनियों पर कार्रवाई की मांग कर चुकी हैं। मांग पूरी नहीं होने पर महिलाओं को तानसेन चौक पर आमरण अनशन करना पड़ रहा है। आंदोलन के तीसरे दिन रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया महिलाओं के समर्थन में धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया।

ज्ञापन व गुहार के बाद भी उनकी मांग पर संज्ञान नहीं लिए जाने से महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। तानसेन चौक पर महिलाएं आमरण अनशन पर बैठी हुई हैं। फ्लोरा मैक्स से ठगी की शिकार महिलाओं की कर्ज माफी व संबंधित बैंक कर्मचारी के ऊपर कठोर कार्यवाही को लेकर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान सभा स्थल पर महिलाओं को संबोधित करते हुए श्री राठिया ने कहा कि महिलाओं के साथ जब इस तरह की धोखाधड़ी हो रही थी तो शासन, प्रशासन और पुलिस ने क्यों नहीं रोका। क्यों महिलाओं को आगाह नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम जब बैंक से लोन लेने जाते हैं तो हमसे तरह-तरह के कागजात मांगे जाते हैं। कई स्तर की जांच की जाती है, और वहीं दूसरी ओर महिलाओं को एक नहीं चार-पांच बैंकों से बिना सत्यापन की लोन दे दिया गया। इसमें फाइनेंस बैंकों की भी मिलीभगत है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में विधायक ने कहा है कि फ्लोरा मैक्स कंपनी के द्वारा लगभग 40 हजार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की भोली-भाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम से लाखों रुपए का कर्जदार बना दिया गया है। आज उनकी समस्याओं को सुनने के लिए न सरकार तैयार है और न ही जिला प्रशासन तैयार है। माता बहनों को कड़कड़ाती ठंड में अमरण अनशन करना पड़ रहा है। अगर इनकी समस्याओं को सरकार व जिला प्रशासन गंम्भीरता से नहीं लेता है तो वे उनके समर्थन में कोरबा चांपा मुख्यमार्ग में स्थित उरगा चौक में आर्थिक नाकेबंदी करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि फ्लोरा मैक्स में ठगी के शिकार महिलाओं का कर्ज माफी व संबंधित बैंक कर्मचारी के ऊपर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

# आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में समय पर जांच कर पीड़ितों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

## दूरस्थ क्षेत्रों के हितग्राहियों का नेटवर्क वाले स्थानों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश



**कोरबा।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा अंतर्गत अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आरबीसी 6-4 अन्तर्गत प्रकरणों में पीड़ितों को लाभान्वित करने हेतु प्रकरणों की समय पर जाँच कर सभी रिपोर्ट संलग्न कर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को पोस्टमार्टम और पटवारी प्रतिवेदन समय पर प्राप्त करते हुए एसडीएम को संबंधित पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मृत्यु दिनाँक से सात दिवस के भीतर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का वयवंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि मोबाइल नेटवर्क वाले स्थान पर शिविर लगाकर सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने जनपद मुख्यालयों में भी शिविर लगाने और कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य और समाज कल्याण विभाग को मृत व्यक्तियों के नाम पेंशन और राशन कार्ड से विलोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर वंचित व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जो शिक्षक संकुल समन्वयक नहीं बनाना चाहते उन्हें मुक्त कर अन्य को जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर एक माह के भीतर विभागीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अविद्युतीकृत बसाहटों के घरों में विद्युतीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। कलेक्टर ने डीएमएफ से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात कार्य प्रारंभ करने तथा पाली के चैतुरगढ़ में बस स्टॉप और मंदिर स्थल तक विद्युतीकरण के सम्बंध में विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चैतुरगढ़ बस स्टॉप से मंदिर तक विद्युतीकरण हेतु सर्वे के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संजय नगर रेलवे फाटक में अंडर पास निर्माण कार्य की प्रगति, पीएमजनमन, चिर्रा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आई मांग के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने वाहन स्क्रैप की जानकारी रायपुर प्रेषित करने, सखी वन स्टॉप सेंटर, पाली-कटघोरा एनएच किनारे गौशाला निर्माण, वृद्धाश्रम की स्थिति, मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान की गई घोषणा पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण लेकर राशि जमा नहीं करने वालों पर वसूली की कार्यवाही संबंधित तहसीलदारो के सहयोग से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारो से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत शिशु संरक्षण माह में शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाने और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु एसओपी का पालन करने के दिए निर्देश

# ओवरलोड राखड़ लेकर चलने वाले वाहनों पर सतत कार्यवाही करें: कलेक्टर वसंत

**कोरबा।**



नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु राज्य में गठित स्टेट लेवल मॉनिटरिंग एण्ड इंप्लिंटेशन कमेटी की बैठक के निर्णय अनुसार जारी एसओपी का पालन करने के संबंध में आज कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाने और प्रदूषण फैलाने वाले प्रमुख कारकों पर नियंत्रण के निर्देश देते हुए नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम, परिवहन अधिकारी तथा पर्यावरण अधिकारी को टीम बनाकर राखड़ लेकर चलने वाले वाहनों की जांच करने जिले की सड़कों में ओवर लोड होकर संचालित हो रहे भारी वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि भारी वाहन चलने वाले मार्गों में धूल उड़ने पर पानी का छिड़काव भी किया जाए। उक्त बैठक में श्री आशुतोष पांडेय, आयुक्त, नगर पालिक निगम, क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला उद्योग महाप्रबंधक, समस्त मुख्य नगर पालिक अधिकारी, आर.टी.ओ., मेसर्स एन.टी.पी.सी. एस.ई.सी.एल, सी.एस.ई.बी. पूर्व एवं सी.एस.ई.बी. पश्चिम तथा लैंको के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों को सड़कों की नियमित रूप से साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में कचरा जलाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएं। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी को उद्योगों की चिमनी की सतत् मॉनिटरिंग करने एवं उल्लंघन की स्थिति पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उद्योगों/खदानों को छ.ग.पर्यावरण मंडल द्वारा जारी एस.ओ.पी. का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा एसडीएम, पुलिस, पर्यावरण एवं आरटीओ की संयुक्त टीम बनाकर एसओपी की उल्लंघन करने वाले वाहनों और उद्योगों के विरूद्ध समय-समय पर ठोस कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खदान/उद्योग/संस्थान में परिवहन हेतु वाहनों से उत्सर्जन मानकों के अनुरूप रहना चाहिए एवं परिवहन के दौरान वाहन में वैध पी.यू.सी. प्रमाण पत्र उपलब्ध रहना चाहिए। प्रत्येक खदान / उद्योग / संस्थान में संचालित भारी वाहनों को गुणवत्ता युक्त तारपोलिन से वाहन कव्हर करने के निर्देश देते हुए कहा कि वाहन की बॉडी, जिसे तारपोलिन द्वारा ढ़का जाना है, में कोई छिद्र अथवा क्रेक नहीं होना चाहिये, जिससे इसमें भरे जाने वाला मटेरियल परिवहन के दौरान सड़क पर नहीं गिरे। तारपोलिन वाटरप्रूफ, वियर रेजिस्टेंट होनी चाहिये। यह कटी-फटी अथवा क्षतिग्रस्त नही होनी चाहिये। वाहन को तारपोलिन से कव्हर करने के पश्चात इस प्रकार बांधा जाकर सील किया जाना चाहिए ताकि परिवहन के दौरान वाहन से मटेरियल के बाहर गिरने/उड़ने की संभावना न रहे। उन्होंने जिले में इलेक्ट्रीक वाहनों को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने पहल करने के निर्देश दिए।

# धान उपार्जन केंद्रों में धान की अवैध आवक की सतत निगरानी करें: कलेक्टर

**कोरबा।**



कलेक्टर अजीत वसंत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के संबंध शासन से प्राप्त निर्देशानुसार, उपार्जित धान हेतु उपार्जन केन्द्र स्तर पर स्थान की पर्याप्त उपलब्धता, धान की अवैध आवक एवं रीसाइक्लिंग पर रोक को सुनिश्चित करने हेतु जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा किए जा रहे धान उठाव, कस्टम मिलिंग की कार्यवाही एवं धान खरीदी केन्द्रों में प्रचलित धान उपार्जन / परिदान के संबंध में राजस्व अधिकारियों, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा, उप संचालक कृषि विभाग, खाद्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सीसीबी कोरबा, सचिव, कृषि उपज मंडी कटघोरा एवं सभी धान खरीदी केन्द्रो हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर अवैध धान की आवक को पूरी तरह से रोका जाए।

कलेक्टर श्री वसंत ने अनुविभागीय अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलर्स के डीएम और धान उठाव की प्रक्रिया में एकरूपता की जांच की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि धान परिवहन करने वाले वाहनों की नियमित और सघन जांच की जाए, ताकि अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के 7 धान उपार्जन केंद्र - कनकी, लैंगा, जटगा, बिंझरा कुल्हारियां, सरमिना, रंजना आदि में विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष धान उत्पादन 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है जिसकी पारदर्शिता से जांच की जाए और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रो में धान की अवैध आवक की सतत् निगरानी रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए है, साथ ही प्रत्येक धान उपार्जन केन्द्रो से डी.ओ. के विरूद्ध राईस मिलरों द्वारा उठाव किए जा रहे धानमय वाहन की वीडियो कॉलिंग के माध्यम से तस्दीक करने की कड़ाई से पालन कराने हेतु उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा एवं नोडल अधिकारी सीसीबी कोरबा को सख्त निर्देश दिए है।

बैठक में विपणन एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को राईस मिलर्स द्वारा डी.ओ अनुसार उठाव किए जा रहे धान का मात्रात्मक परीक्षण राईस मिल परिसर में उपस्थित होकर किए जाने के निर्देश दिए गए है। किसी भी दशा में धान की रिसाईकलिंग एवं धान की अवैध आवक रोके जाने की हर संभव प्रयास किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए है, साथ ही प्रत्येक उपार्जन केन्द्र स्तर पर जारी टोकन में से प्रतिदिवस 5 टोकनों का सत्यापन पटवारियों के माध्यम से कराने हेतु सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही सत्यापन में जारी टोकन में उपलब्ध धान की मात्रा अनुसार खरीदी किया जावे तथा कृषकों धान विक्रय पश्चात शेष रकबा के समर्पण हेतु सहमति उपरांत रकबा का समर्पण करने हेतु निर्देशित किया गया है। खाद्य निरीक्षक एवं सहकारिता निरीक्षको को अपने क्षेत्र के समितियों की सतत निगरानी करते हुए समिति स्तर पर धान की अवैध विक्रय पर रोकने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने हिदायत दी है कि धान के अवैध विक्रय पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी एवं सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# पति के मौत के बाद उम्मीदें हो गई थी तबाह, पीएम जनमन योजना से मिली जीने की नई राह

## पहाड़ी कोरवा संझई बाई का बन रहा पीएम जनमन आवास

**कोरबा।**




जंगल में रहने वाली पहाड़ी कोरवा संझई बाई गरीबी में जैसे भी थीं खुश थीं। जब तक पति जीवित थे, वही सुख-दुःख के साथी थे। इस बीच कच्चे मकान में रहते हुए कई बार इन्होंने सपने भी संजोए कि काश वे भी पक्का मकान में रह पाए। घर की परिस्थितियों के बीच पक्का मकान बन पाना आसान नहीं था, लेकिन पति के जीते जी संझई बाई को यह असंभव भी नहीं लगता था। उन्हें उम्मीद थी कि पति के रहते एक दिन पक्का मकान जरूर बन जायेगा, लेकिन अचानक से पति की मौत के बाद संझई बाई की सारी उम्मीद टूट कर बिखर गई, उनका सपना तबाह हो गया।

पक्का मकान तो दूर... घर कैसे चलाना है ? अपने बच्चे का कैसे पालन-पोषण करना है..यह सब कच्चे मकान में रह रही संझई बाई की एक नई मुसीबत बन गई। वर्षों तक संझई बाई तकलीफ सहती रही। इस बीच जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना प्रारंभ की तो जंगल में विपरीत परिस्थितियों के बीच रहने वाली संझई बाई जैसी अनेक पहाड़ी कोरवा और अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के भाग खुल गए। पति के मौत के साथ ही पक्के मकान के उम्मीदों को दफन कर चुकी पहाड़ी कोरवा संझई बाई को पीएम जनमन योजना से जीने की नई राह मिल गई है...।

कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सरडीह विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं का एक बसाहट है। घने जंगल के बीच जीवन यापन करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को जंगल में कई चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। इसी बसाहट में रहने वाली पहाड़ी कोरवा संझई बाई भी है। जो शादी के बाद इस गाँव में आई और पति के साथ जैसे-तैसे जीवन यापन करती रही। जंगल जाना, बकरी चराना और वनोपज संग्रहण करना इनका मुख्य कार्य था। संझई बाई ने बताया कि वे कच्चे मकान में लंबे समय से रहते आए हैं। जंगल के बीच कच्चा मकान जीवन के लिए असुरक्षित तो है ही साथ ही बारिश के दिनों में मुसीबतों का एक पहाड़ जैसा भी है। जो बादल गरजने और तेज बारिश होने पर रह-रहकर हमे सताता है। उन्होंने बताया कि पति जब जीवित थे तब हम कच्चे मकान की बजाय पक्का मकान होने से ऐसे मुसीबतों से मुक्ति मिलने की बात सोचते थे। हालाँकि पक्का मकान बनवा लेना हमारे बस की बात नहीं थीं, फिर भी पति के जीवित रहते यह उम्मीद बरकरार थी कि कभी तो पकक मकान बन जायेगा। एक दिन बीमारी से पति की मौत हो गई। बहू की मौत के बाद एक बेटा था वह भी अपने चार छोटे बच्चो को छोड़कर चला गया। उनके ऊपर अपना और नाती को पालने की नई मुसीबत आन पड़ी। इस दौरान कच्चे मकान को पक्का बना लेने का सपना भी टूट गया। संझई बाई ने बताया कि वह कच्चे मकान में बारिश के दिनों की तकलीफों को सहती हुई रहती रही। पक्के मकान का उम्मीद पूरी तरह से छोड़ चुकी थी। एक दिन गाँव में जब अधिकारी आए और उनका पक्का मकान बनने की जानकारी दी तो उन्हें भरोसा नहीं हो रहा था। जब उनके खाते में पैसा आया तब यकीन हो गया कि वास्तव में उनका भी पक्का मकान बनेगा। अब जबकि संझई बाई का पक्का मकान बन रहा है तो उनकी पक्के मकान को लेकर बनीं सारी मुसीबतें खुशियों में तब्दील हो गई है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में जो तकलीफ उठानी पड़ती है अब आने वाले बारिश में नहीं उठानी पड़ेगी। हमारे लिए सरकार ने इतना सोचा और पक्का मकान बनवाकर हमारी तकलीफों को दूर करने का प्रयास किया है यह हम भूल नहीं पाएंगे। गौरतलब है कि जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों का पीएमजनमन योजना अंतर्गत पीएम आवास बन रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।



# प्रथम नगर आगमन पर हरदीबाजार में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा का किया गया भव्य स्वागत

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा के प्रथम नगर आगमन पर हरदीबाजार कॉलेज चौक यशवंत हार्डवेयर में उन्हें फुलमाला पहना एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके भेंट किया। इस अवसर पर चिंताराम राठौर, यशवंत राठौर, छोटे लाल पटेल, व्यास राठौर, डा. विजय राठौर, यदुराज राठौर, कृष्ण कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार, लक्ष्मी डिक्सेना, सोनू पटेल, सुरेंद्र पटेल, हेमंत यादव, राजू जायसवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत ने मीडिया के सवालों का दिया जवाब

**कोरबा।**



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत मंगलवार को कोरबा में सराफा व्यवसायी गोपाल राय सोनी की रविवार की रात दो नकाबपोशों द्वारा की गई निर्मम हत्या की घटना के बाद उनके टीपी नगर स्थित निवास पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की व परिजनों को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। नेता प्रतिपक्ष ने मौके पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान से घटना के संदर्भ में जानकारी ली और दोषियों को जल्द पकड़ कर कड़ी कार्यवाही करने को कहा। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि व पीसीसी के संयुक्त महासचिव हरीश परसाई सहित अन्य उपस्थित थे।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कोरबा में घटित घटना को दु:खद बताते हुए घटना की निन्दा करते हुए सरेआम बीच बाजार में वीभत्स तरीके से की गई हत्या पर पुलिस विभाग को तत्काल अलर्ट होने की आवश्यकता बताते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने को कहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि टीपी नगर में हत्या के बाद दूरस्थ क्षेत्र कोरबी में गोली चलने की घटना पर चिन्ता जताते हुए कहा कि कोरबा ही नही पूरे प्रदेश में अपराधियों को जो हौसला मिला है, कहां से मिला है? चिन्ता की बात है कि चोरी, लूट, हत्या और डकैती जैसी वारदात हो रही है, इन घटनाओं को राजनैतिक चश्मा से देखने की बजाय अपराध को खत्म करने में सबका सहयोग लेने की जरूरत है और अपराध की घटना किन कारणों से बढ़ रही है, इस पर भी सरकार को सोचने और करने की जरूरत है। डॉ. महंत ने प्रदेश में बढ़ती सूखे नशा पर गहरी चिन्ता जताते हुए छत्तीसगढ़ ही नहीं बार्डर की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर छग को नशा व नशाखोरों से बचाने की जरूरत है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अबूझमाड़ से नक्सल ऑपरेशन से लौट रहे जवानों के वाहनों पर नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट से बीजापुर के कुटरूबेदरे मार्ग पर हुए इस बड़े हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के नौजवानों के शहीद होने पर विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए गहरी चिन्ता जताई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक घासीगिरी गोस्वामी द्वारा काव्य प्रकाशन एक्सप्रेस टावर आदर्श नगर, विधानसभा रोड, मोवा रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं मुख्य मार्ग कोरबा-चांपा रोड, पत्रकार भवन, बरपाली, जिला-कोरबा से प्रकाशित, संपादक- घासीगिरी गोस्वामी, मो. नं. 94255-48939, फैक्स- नं. ( 07759 ) 279100, ई-मेल dilchaspi2009@gmail.com